'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 08 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए शनिवार, 23 मार्च 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

## हरियाणा में छठे चरण में होगा लोकसभा आम चुनाव का मतदान

**29 अप्रैल को जारी होगी अधिसूचना, नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि 6 मई, 2024**

**नामांकन पत्र दाखिल करते समय उम्मीदवार अपने साथ ला सकेंगे अधिकतम 4 लोग**

**उम्मीदवारों को आपराधिक रिकॉर्ड करना होगा सार्वजनिक**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतदान राज्य में छठे चरण में 25 मई, 2024 को होंगे। इसके लिए 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी। नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि 6 मई, 2024 है। इसके लिए रिटर्निंग अधिकारी नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि, स्थान, समय, नामांकन पत्रों की जांच, पत्र वापिस लेने की तिथि इत्यादि जानकारी सार्वजनिक करेंगे और सरकारी कार्यालयों में नोटिस भी चस्पा करेंगे। उन्होंने कहा कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशियों को रिटर्निंग अधिकारी (आरओ), सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) के कार्यालय में अपने साथ अधिकतम 4 लोगों को लाने की अनुमति होगी। साथ ही, आरओ तथा एआरओ कार्यालय की 100 मीटर की परिधि में अधिकतम 3 वाहन लाने की अनुमति होगी। श्री अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा आम चुनावों के लिए चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को अधिकतम 95 लाख रुपये चुनाव खर्च की अनुमति है। इसके लिए उम्मीदवारों को अलग से बैंक खाता खुलवाना होगा और चुनाव खत्म होने के एक माह के अंदर-अंदर आयोग को चुनाव खर्च का ब्यौरा देना होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए सिक्योरिटी डिपॉजिट 25 हजार रुपये है। अनुसूचित जाति व जनजाति के उम्मीदवारों के लिए यह राशि 12,500 रुपये है। सिक्योरिटी डिपॉजिट नकद या ट्रेजरी के माध्यम से ही स्वीकार्य होगी। चैक या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से इस राशि को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नामांकन भरने की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई जाएगी और आरओ द्वारा सभी दस्तावेजों को सुरक्षित तरीके से रखा जाएगा। एक उम्मीदवार अधिकतम 4 नामांकन पत्र भर सकता है तथा 2 लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ सकता है। नामांकन पत्र उम्मीदवार द्वारा या उसके प्रस्तावक द्वारा भरा जा सकता है। नामांकन पत्र डाक द्वारा नहीं भेजा जा सकता, बल्कि आरओ/एआरओ के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से ही प्रस्तुत किया जाएगा।

**उम्मीदवारों को आपराधिक रिकॉर्ड करना होगा सार्वजनिक**

अनुराग अग्रवाल ने कहा कि चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार को अपने आपराधिक रिकॉर्ड, यदि कोई है तो, उसकी जानकारी सार्वजनिक करनी होगी। इसके लिए उम्मीदवार को फॉर्म-26 में एफिडेविट के साथ अपने आपराधिक मामले की पूरी जानकारी देनी होगी। इसके अलावा, संबंधित राजनीतिक पार्टी को भी उम्मीदवार के आपराधिक मामले की जानकारी अपनी पार्टी की अधिकारिक वेबसाइट पर डालनी होगी। उन्होंने कहा कि नामांकन भरने के उपरांत उम्मीदवार और राजनीतिक पार्टी को समाचार पत्रों तथा टीवी चैनलों में भी कम से कम 3 बार आपराधिक मामले की जानकारी सार्वजनिक करनी अनिवार्य है।

### लोकसभा आम चुनावों में हरियाणा में कम से कम 75 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि राज्य में 25 मई, 2024 को होने वाले लोकसभा आम चुनावों के मतदान में नागरिकों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा युद्धस्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। हर पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे इसके लिए नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। वर्ष 2019 के लोकसभा आम चुनावों में राज्य में लगभग 70 प्रतिशत मतदान हुआ था, जोकि राष्ट्रीय औसत से अधिक था। इस बार हमारा लक्ष्य है कि राज्य में कम से कम 75 प्रतिशत मतदान हो। श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि इस बार मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को जागरूक करने हेतु भारतीय डाक विभाग व इंडियन बैंक्स एसोसिएशन के साथ समझौता ज्ञापन किया है। इसका मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को संदेश देना है कि लोकतंत्र में जनता की भागीदारी अहम है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 62 बैंकों की लगभग 5600 से अधिक शाखाओं का बड़ा नेटवर्क है। बैंकों के सहयोग से एटीएम व शाखाओं में पोस्टर व स्टीकर इत्यादि चस्पा किए जाएंगे और बैंकों में आने वाले नागरिकों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार का थीम चुनाव का पर्व-देश का गर्व है, इसलिए नागरिकों के मताधिकार के प्रयोग के बिना यह पर्व अधूरा है। जनता को हर पाँच वर्ष बाद यह अवसर मिलता है, इसलिए इस पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हरियाणा में इस बार 1 करोड़ 98 लाख 29 हजार 675 पंजीकृत मतदाता हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि प्रत्येक मतदाता बिना प्रलोभन व भय के अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे। राज्य में 19812 मतदान केंद्र हैं।

## देश में तानाशाही और लोकतंत्र के बीच में जंग चल रही, लेकिन अंत में जीत लोकतंत्र की होगी : दीपेन्द्र हुड्डा



**समाचार गेट ब्यूरो**

**रोहतक, 22 मार्च।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने आज 'घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस' अभियान के तहत रेलवे रोड इलाके में डोर टू डोर संपर्क कर स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उनका हाल-चाल पूछा। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की कार्यशैली तानाशाही की पराकाष्ठा है। देश में तानाशाही और लोकतंत्र के बीच में जंग चल रही है लेकिन अंत में जीत लोकतंत्र की ही होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई, बेरोज़गारी, भ्रष्टाचार, कुशासन जैसे जरूरी मुद्दों से देश की जनता का ध्यान भटकाने के लिए ही देश के सरकारी तंत्र, सरकारी जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करके लगातार विपक्ष को निशाने पर ले रही है और विपक्ष को कुचलकर कमजोर करने के प्रयास कर रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। सत्ता के अहंकार में क्ख्क्क सरकार प्रजातंत्र पर रोज प्रहार कर रही है।

दीपेन्द्र हुड्डा ने यह भी कहा कि बीजेपी सरकार के इशारे पर चुनाव से ठीक पहले देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते फ्रीज कर उसे आर्थिक रुप से अक्षम करने की कोशिश सीधे-सीधे लोकतंत्र पर हमला है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का जो नेता सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खोलने की कोशिश करता है उस पर पूरा सरकारी तंत्र हमलावर हो जाता है। वहीं यदि विपक्ष का कोई नेता भाजपा में शामिल हो जाता है तो ईडी, सीबीआई के तमाम मुकदमे ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। इसी प्रकार यदि कोई कारोबारी ईडी रेड के बाद इलेक्टोरल बान्ड के माध्यम से भाजपा को चंदा दे देता है तो उसके भी मुकदमे ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस चुनाव में जनता सत्ता परिवर्तन करेगी।

सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने रोहतक लोकसभा चुनाव क्षेत्र में अपने कार्यकाल और वर्तमान बीजेपी सांसद के कार्यकाल में कामों की तुलना को सामने रखते हुए बताया कि रोहतक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अकेला ऐसा क्षेत्र है जहां भारत सरकार के राष्ट्रीय स्तर के 6 संस्थान उन्होंने बनवाए। जिनमें IIM, AIIMS-2 बाढ़सा, केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (CRIYN), FDDI, IHM, IIT प्रमुख हैं। इसके अलावा 5 नये विश्वविद्यालय जिसमें पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विश्वविद्यालय, MSME प्रौद्योगिकी केंद्र (टूल रूम), न्यूक्लीयर साइंस यूनिवर्सिटी (GCNEP), स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ विजुअल एण्ड परफॉरमिंग आर्ट्स, इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी (मीरपुर) शामिल है। रोहतक लोकसभा में 18 नये सरकारी महाविद्यालय, 18 नयी सरकारी ITI, 8 नये सरकारी पॉलीटेक्निक, भाकली और मतनहेल में 2 नये केंद्रीय विद्यालय, 2 नये इंजीनियरिंग कॉलेज, 1 सैनिक स्कूल, 200 से ज्यादा नये सरकारी स्कूल और सैंकड़ों स्कूल अपग्रेड कराए।

उन्होंने बताया कि विभिन्न गांवों में 120 नये खेल स्टेडियम (राष्ट्रीय+राज्य स्तरीय+ग्रामीण- (1+3+116), भारत सरकार के 2 SAI स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर बने। 4 सुपर स्पेशलिटी अस्पताल (AIIMS 2, NCI, PGI रोहतक का विस्तार, महाराजा अग्रसेन), गांव शहर में 68 नये अस्पताल बने, बहादुरगढ़ तक नई मेट्रो शुरू हुई, 4 नयी ट्रेन सेवा चालू कारवाई, 2 नई रेलवे लाइन (230 कि मि), 20 ROB का निर्माण कराया। 3 नयी IMT बनी, 30 नये बड़े उद्योग लगे, 2 बिजली के नये थर्मल पावर प्लांट लगे, 12 राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) मंजूर (1080 KM), PMGSY + NCRPB की सड़कें 785+383 KM, 718 पेयजल परियोजनाएं और 30706 गरीब परिवारों को 100 गज के मुफ्त प्लॉट दिलवाए। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि देश और प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने पर जो मंजूरशुदा काम रुके हुए हैं उन्हें युद्ध स्तर पर पूरा कराएंगे और विकास के मामले में हरियाणा को फिर से नंबर 1 बनाएंगे।

## अरविंद केजरीवाल को शराब नीति केस में कोर्ट ने सात दिनों की ईडी हिरासत में भेजा



**समाचार गेट ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राउस एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की सात दिन की रिमांड दे दी। केजरीवाल को गुरुवार को रात में गिरफ्तार किया था। आज उन्हें दिल्ली के राउस एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने उनकी 10 दिन की रिमांड मांगी थी। प्रवर्तन निदेशालय की टीम गुरुवार की शाम को दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंची थी और सर्च के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। राउस एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई के दौरान जांच एजेंसी ईडी ने केजरीवाल को कथित घोटाले में किंगपिन और प्रमुख साजिशकर्ता बताया। ईडी ने दावा किया है कि अरविंद केजरीवाल साउथ ग्रुप, पिछले साल गिरफ्तार किए गए पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया और आम आदमी पार्टी पदाधिकारी विजय नायर सहित अन्य आरोपियों के बीच मध्यस्थ थे।

## बत्रा हॉस्पिटल ने मनाया होली का त्योहार समाजसेवा के साथ

**समाचार गेट ब्यूरो**

**होली के त्योहार पर बत्रा हॉस्पिटल फरीदाबाद ने एक अच्छी पहल की है जिसके तहत समाज सेवा में एक विशेष योगदान निभा रहे बत्रा हॉस्पिटल के द्वारा होली के अवसर पर दो दिन के लिए रक्त के सभी परीक्षणों पर 50% की छूट दी जा रही है यह सुविधा केवल 23 और 24 मार्च तक के लिए है।**









# राजनैतिक पार्टिया द्वारा गौ हत्या करने वाली कम्पनियों से चंदा लेना दुर्भाग्यपूर्ण : जगद्गुरु शंकराचार्य

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज द्वारा गौ हत्या बंद करने व गऊ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए निकाली जा रही पदयात्रा पलवल पहुंची। पलवल की जाट धर्मशाला में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। गौ भक्तों से रूबरू होने के बाद प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए जगद्गुरु शंकराचार्य ने सत्ताधारी भाजपा के अलावा अन्य राजनैतिकों दलों पर भी जमकर कटाक्ष किये। उन्होंने कहा की यह दुर्भाग्य पूर्ण है की राजनैतिक पार्टिया गौ की हत्या करने वालों से चंदा ले रही हैं। उन्हें यह सुनकर बड़ा आश्चर्य होता है कि कुछ लोग एक तरफ अपने आपको गौ भक्त बताते हैं दूसरी तरफ गाय की हत्या करने वालों से चंदा लेते हैं। उन्होंने कहा की भारत की सरकार को भारत की भावनाओं के अनुरूप काम करना चाहिए। गजब की बात है की पिछले 75 साल से सरकारें बनती आ रही है लेकिन अभी कोई ऐसी सरकार नहीं आई जिसने भारत की भावनाओं, गायों का ध्यान किया हो। भारत की भावना है की गाय हमारे यहाँ पूजनीय है उसकी हत्या नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा की यह यात्रा वृंदावन से शुरू हुई है और दिल्ली के संसद भवन के उस कोने तक जाएगी जहाँ 1966 ईस्वी में लाखों गौभक्तों पर गोलियां चलाई गयी थी। उन्होंने कहा की सरकारें बदलती हैं लेकिन गौहत्या बंद नहीं हुई और यहाँ तक ऐसी भी सरकारें आई है जिनके नेता कहते थे कि किसी को गौ हत्या का दर्द होता हो या नहीं लेकिन उन्हें होता है और उनके राज में भी गौ हत्या हो रही है।



उन्होंने कहा की अवश्य ही इस यात्रा का असर पड़ेगा और जबतक हमारा संकल्प पूरा नहीं होगा हमारा प्रयाश जारी रहेगा। जगदगुरू शंकराचार्य ने कहा कि हमारे शास्त्र हमें बताते हैं कि गौमाता सर्वदेवमयी है। इनकी पूजा करने से 33 करोड देवी-देवताओं की पूजा एक साथ हो जाती है। इनका स्थान सर्वोपरि है। तभी तो सनातन धर्म में देवता और गुरु के लिए नहीं, अपितु गौमाता के लिए पहली रोटी (गौ-ग्रास) निकालने का नियम है। हमारे देश का यह भी गौरवपूर्ण इतिहास रहा है कि चक्रवर्ती सम्राट् दिलीप और भगवान् राम कृष्ण आदि ने भी गौसेवा की है। उन्होंने कहा की आगामी चुनाव में कौन सी पार्टी सत्ता में आएगी यह अभी से नहीं कहा जा सकता। इसलिए आप सब यह स्पष्ट निर्णय कर लें कि जिस भी पार्टी की सरकार बने उसे शपथ ग्रहण करते ही सबसे पहला कार्य गोहत्या बन्द कराकर गौ को राष्ट्र माता घोषित करने का कार्य करना होगा। आपके द्वार पर जो भी वोट लेने आए उनसे आप यह कह सकते हैं कि गो हत्या न करने का शपथ-पत्र लिखित रूप से देने पर ही वोट दिया जाएगा वहीं कोंग्रेसी नेता करन दलाल ने यात्रा का स्वागत करते हुए कहा की यह जगतगुरु शंकराचार्य की सराहनीय पहल है जो बहुत समय पहले पूर्ण हो जनि थी और गौ को राष्ट्र माता का दर्जा मिल जाना चाहिए। हम सब इसमें शंकराचार्य जी की मांग का समर्थन करते हैं और इस लड़ाई में हम सब कंधे से कंधा मिलकर शंकराचार्य जी के साथ संघर्ष करेंगे।

## बैंक प्रबंधक के खाते से 2.12 लाख रुपये की साइबर ठगी

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** पंजाब नेशनल बैंक प्रबंधक के खाते से 2.12 लाख रुपये की साइबर ठगी कर ली गई। ठगों ने प्रबंधक के पास फोन कर ओटीपी पहुंचा, परंतु उसने नहीं बताया। बिना ओटीपी के भी साइबर ठगों ने राशि अपने खाते में ट्रांसफर कर ली। साइबर अपराध थाना पुलिस ने बैंक प्रबंधन की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभी तक पुलिस ठगों का सुराग नहीं लगा पाई है। जांच अधिकारी देवी सिंह के अनुसार पंजाब नेशनल बैंक शाखा होडल में कार्यरत प्रबंधक कौशल ने शिकायत दर्ज कराई है कि 20 मार्च को उसके मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आया। उसके बाद फोन आया और ओटीपी नंबर पूछा। उसने फोन करने वाले को ओटीपी नंबर की जानकारी नहीं दी। उसके बाद भी उसके खाते से राशि निकाल ली गई। लगातार चार बार 49 हजार रुपये और दो बार आठ हजार रुपये की राशि निकाली गई। उसने तुरंत इस बारे में साइबर टोल फ्री नंबर मामले की जानकारी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी का पता लगाकर जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 22 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थिति में लापता, केस दर्ज

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** कैलाश नगर से ड्यूटी पर गया एक 22 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गया। कैंप थाना पुलिस ने पिता की शिकायत पर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी समीम के अनुसार कैलाश निवासी रामनिवास ने शिकायत में कहा है कि उसका बेटा मोहन श्याम स्वर्ण इंटरप्राइजेज कंपनी में दूधौला में नौकरी करता था। 20 मार्च को घर से ड्यूटी पर गया था, परंतु वापस नहीं लौटा। काफी तलाश करने पर भी उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। उसका फोन भी बंद आ रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## शादी के जेवरात व लाखों रुपए कैश चोरी

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** भीमसेन कॉलोनी स्थित एक मकान से छोटी बहन की शादी के लिए लाए गए जेवरात व 1.65 लाख रुपये चोरी कर लिए गए। कैंप थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी अशोक के अनुसार भीमसेन कॉलोनी निवासी हुकम ने शिकायत दर्ज कराई है कि आस्था अस्पताल के सामने एक मकान है। वहीं थोड़ी दूरी पर दूसरा मकान है, जिसमें 13 मार्च की रात तो सोने की दो चैन, तीन अंगूठी, मंगलसूत्र व 1.65 लाख रुपये चोरी कर लिए। वे छोटी की बहन की शादी के लिए जेवरात लेकर आए थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि चोरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

## रिश्वत लेती महिला पुलिसकर्मी सहित दो महिला पकड़ी, एसएचओ मौके से फरार



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** घरेलू कलह के मुकदमें से पिता-पुत्री का नाम निकालने के नाम पर 30 हजार रुपए की रिश्वत लेने के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सदर थाना प्रभारी सहित तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले में टीम ने दलाल व मामले की जांच अधिकारी से 15 हजार रुपए बरामद कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है, जबकि थाना प्रभारी बकाया राशी को लेकर फरार हो गया। शुक्रवार को ब्यूरो की टीम ने गिरफ्तार दोनों को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है, जबकि थाना प्रभारी फरार है। एंटी करप्शन ब्यूरो की डीएसपी मीना कुमारी के अनुसार, सोहना निवासी आशीष ने दी शिकायत में कहा है कि नवंबर 2023 में उसकी पत्नी ने उसके परिवार के खिलाफ सदर थाना में घरेलू कलह का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में उसके पिता व बहन का नाम भी था, जिसे निकालने के लिए उससे एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी। जिला नूंह के भादस गांव निवासी वाहिद के जरिये 30 हजार रुपये देकर नाम निकालने की बात तय हुई। रुपयों में पांच हजार रुपये दलाल वाहिद के, 10 हजार रुपये जांच अधिकारी अनीता के व 15 हजार रुपये सदर थाना प्रभारी जितेंद्र को देने तय हुए। शिकायत के आधार पर डीएसपी मीना कुमारी ने टीम गठित की। श्रम विभाग के सहायक निदेशक विलक्षण सिंह को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। गुरूवार को देर शाम ड्यूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में आशीष को 30 हजार रुपये देकर सदर थाना भेजा गया। आशीष ने 30 हजार रुपये दलाल वाहिद को दे दिए। वाहिद ने पांच हजार रुपये अपने पास रखकर, 10 हजार जांच अधिकारी अनीता को दे दिए, जबकि 15 हजार रुपये थाना प्रभारी जितेंद्र को दे दिए। आशीष ने जैसे ही टीम को इशारा किया, टीम सदर थाना में पहुंच गई। टीम ने मौके से दलाल व जांच अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि थाना प्रभारी नहीं मिला। मौके से टीम ने 15 हजार रुपये बरामद कर लिए, जबकि बकाया राशि थाना प्रभारी के पास बताई गई है।

BHANU PRATAP SINGH
96876221651 9978622651
Hi TECH ENGINEERING
MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES , JIG FIXTURE GAUGES SPM , POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS
SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.
hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

## हर्षोल्लास के साथ मनाया उमंग उत्सव



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** जीजीडीएसडी महाविघालय में बायोलॉजी सोसाइटी के तत्वाधान में होली के उपलक्ष्य में उमंग 2024 बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस उत्सव में सभी बी.एस.सी मेडिकल और एम.एस.सी वनस्पति विज्ञान के विधार्थियों ने बढ़ चढ़ के भाग लिया। इस उत्सव में बहुत सी प्रतियोगिताएं छात्र छात्राओं के लिए आयोजित की गई। जैसे नृत्य प्रतियोगिता, हास्य रस से भरपूर कविता पाठ और कुछ मीठा कुछ नमकीन हो जाए स्टॉल्स। विधार्थियों ने बहुत ही स्वादिष्ट नमकीन और मीठे की स्टॉल्स लगाईं और नृत्य व कविता पाठ में बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। जंतु विज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉ.वंदना कालरा और वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉ० कांता रानी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ० मंजुला बत्रा ने सभी विधार्थियों के उत्साह की जमकर सराहना की और सभी को होली की शुभकामनाएं दी। मंच संचालन डॉ० मनीषा अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अथिति डॉ० अनिता वर्मा व प्रतीभा सिंगला रहे। कार्यक्रम में डॉ० रेनू, डॉ० मीना, डॉ० अंजू, डॉ० वनिता, डॉ० पूनम, डॉ० नेहा, डॉ० दीपा, कंचन, पिंकी, नरेश, अंजू भी उपस्थित रहे।

## जिला के तीन महाविद्यालयों को दी सेनेटरी नैपकिन डिस्पेंसिंग व डिस्पोजल मशीन



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ से प्राप्त तीन सेनेटरी नैपकिन डिस्पेंसिंग व डिस्पोजल मशीनें जिला पलवल के तीन कॉलेजों को जिला उपायुक्त नेहा सिंह के सानिध्य में उपलब्ध करवाई गई। जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने जिला सचिवालय स्थित अपने कार्यालय से इस मशीनों को कॉलेजों को सुपर्द करते हुए कहा कि इन महाविद्यालयों में इन सेनेटरी नैपकिन डिस्पेंसिंग व डिस्पोजल मशीनें लग जाने से छात्राओं को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्हें अब कॉलेज में ही सेनेटरी नैपकिन की सुविधा मिल सकेगी। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव वाजिद अली ने बताया कि जिला के सरस्वती महिला महाविद्यालय, पलवल, गोस्वामी गणेशनदत सनातन धर्म कॉलेज, पलवल और राजकीय कॉलेज होडल को यह मशीनें दी गई हैं। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी पलवल की लेखाकार अंजली भयाना भी मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों की छात्राओं को इंफेक्शन से बचाने के लिए यह प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकतर लड़कियों में नैपकिन खरीदने को लेकर संकोच रहता है। वे मेडिकल स्टोर में जाकर सैनेटरी नैपकिन लेने से परहेज करती हैं। ऐसे में यह मशीनें सहायक बन सकेंगी। सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन से सेनेटरी नैपकिन मिल सकेगा।

## पुलिस ने एक देशी कट्टा एवं 9 कारतूस अवैध हथियार सहित आरोपी दबोचा

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**



**पलवल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार डॉ अंशु सिंगला, पुलिस अधीक्षक पलवल के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम तहत गदपुरी थाना अंतर्गत चौकी धतीर प्रभारी सहायक उप निरीक्षक मोहम्मद यासिर की टीम ने अवैध असला सर्च अभियान दौरान गांव धतीर निवासी एक आरोपी जिस पर पहले भी कई मुक्दमा दर्ज है और आदतन अपराधी है जिस पर अवैध असला रखने का पूरा-पूरा शक होने पर नियम अनुसार उसके घर की तलाशी में मिले एक देशी कट्टा एवं 9 जिन्दा रौन्द सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बरामद अवैध हथियार को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में विश्व जल दिवस आयोजित

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को विश्व जल दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में आयोजित सिम्पोजियम में पर्यावरण विशेषज्ञों ने जल संकट और इससे पार पाने के प्रयासों पर मंथन किया। विद्यार्थियों में जल और पर्यावरण के प्रति जागरूकता प्रसारित करने के उद्देश्य से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। हरियाणा सरकार के पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन निदेशालय और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम को एनवायरमेंट इन्फोर्मेशन, अवेयरनेस कैपेसिटी बिलडिंग द्वारा प्रायोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने कहा कि जल बिना कल की कल्पना नहीं की जा सकती। जल है तो कल है। प्रोफेसर ज्योति राणा ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए ही नहीं हमें अपने वर्तमान के लिए भी जल को बचाना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से जल संरक्षण के प्रहरी बन कर काम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आर एस राठौड़ ने कहा कि हम जल बना नहीं सकते बचा तो सकते हैं। उन्होंने कहा कि जल बचाने के अभियान केवल कथनों में नहीं बल्कि धरातल पर होना



चाहिए। प्रोफेसर राठौड़ ने आने वाले जल संकट के प्रति आगाह किया।

इकोलाइव के संस्थापक सुनील कुमार पाचर ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि जल बंटवारे के लिए विश्व में और भारत में बड़े विवाद खड़े हो रहे हैं। हमें पानी के इस्तेमाल के तौर तरीके बदलने होंगे। सुनील कुमार पाचर ने कहा कि जलशोधन और उनके पुन: प्रयोग की तकनीकों पर काम करना होगा। डाइकी एक्सिस इंडिया के सीईओ कमल तिवारी विश्व में 75% रोजगार जल की उपलब्धता पर आधारित हैं। 2050 तक जल की आवश्यकता 100 प्रतिशत से भी ज्यादा बाद जाएंगी। इसलिए लिए हमें वाटर ट्रीटमेंट की तकनीक पर काम करना होगा। पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन निदेशालय के कार्यक्रम अधिकारी अरविंद कुमार पुंडीर ने कहा कि पर्यावरण परिवर्तन हमारे लिए बड़ी चुनौती है। हमें जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण और वन संरक्षण करने के साथ - साथ और समस्त प्रदूषणों को रोकना होगा। वर्षा चक्र प्रभावित हो रहे हैं। हमें बारिश के पानी के संग्रह, शुद्धिकरण और उसके उपयोग पर जोर देना होगा। विभा वाणी इंडिया के राज्य समन्वयक जाकिर हुसैन ने कहा कि हर साल 2 लाख लोगों की दूषित जल के उपयोग से मौत हो जाती है। भूजल स्तर लगातार नीचे खिसक रहा है। हमें जल संरक्षण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी होगी। कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा व अन्य अतिथियों ने क्विज के विजेता सरस्वती, पवन कोशिश और बलदेव को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर एके वात्तल, प्रोफेसर डीके गंजू, प्रोफेसर जॉय कुरियाकोजे, संयुक्त निदेशक विनीत सूरी, उप निदेशक अमीष अमेय, डिप्टी प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. विकास भदोरिया, डॉ. मोहित श्रीवास्तव, डॉ. कल्पना माहेश्वरी, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. शिव कुमार, डॉ. मनोज, डॉ. हेमंत, डॉ. संतोष कुमार के अलावा काफी संख्या में शिक्षक, अधिकारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मुंडकटी थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 24 घंटे के अंदर ही लूट वारदात में शामिल चारों आरोपी धरे!

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी पलवल डॉक्टर अंशु सिंगला के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है इसी कड़ी में मुंडकटी थाना पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही लूट वारदात में शामिल चारों आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। मुंडकटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुंदर पाल के अनुसार दिनांक 21 मार्च 2024 को आगरा (यूपी) व हाल पंचवटी चौक पलवल निवासी धर्मवीर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह सचिन क्रेडिट लोन कंपनी में कार्यरत है। शिकायत में कहा है कि वह गांव में दिए जाने वाले लोन की रिकवरी




करता है। पीड़ित शाम के समय मितरोल गांव में से लोन की रिकवरी करके पलवल की ओर बाइक पर सवार होकर जा रहा था। लेकिन जब उसकी बाइक नेशनल हाईवे-19 पर मितरोल गांव से थोड़ी आगे पहुंची उसी दौरान पीछे से एक पल्सर बाइक पर तीन नकाबपोश युवक आए और उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह बाइक सहित सडक़ पर गिर पड़ा। उसके गिरते ही बाइक सवार तीनों लूटेरों ने उसके हाथ में से बैग को लूट लिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने शिकायत में कहा है कि उसके बैग में 41 हजार 325 रुपए व जरूरी कागजात थे।शिकायत के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध आईपीसी की संबंधित धाराओ के तहत मामला दर्ज किया गया। प्रभारी थाना ने आगे बतलाया की मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी महोदया के कुशल निर्देशन में उप निरीक्षक चंदन सिंह के नेतृत्व में गठित जांच इकाई ने इस लूट वारदात एवं योजना में शामिल सभी चारों आरोपियों को मितरोल बस अड्डा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपीयों को बरामदगी हेतु आज पेश अदालत कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

# विश्व टीबी दिवस के उपलक्ष में आज नागरिक अस्पताल पलवल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** विश्व टी.बी.दिवस के उपलक्ष्य में आज नागरिक अस्पताल पलवल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार गर्ग ने कहा कि जिले में टी.बी.की रोकथाम के लिए प्रयास किए जा रहे है। सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार गर्ग ने कहा कि टी.बी.एक गंभीर बीमारी है जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है। यह बीमारी एक प्रकार के जीवाणु के कारण होती है। लेकिन समय पर उपचार करने से इस बीमारी को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि लंबे समय तक खांसी,खांसी के साथ बलगम व खून आना,सांस लेने के दौरान सीने में दर्द होना, भूख कम लगना और शरीर में बेचैनी होना और रात को हल्का बुखार होना सामान्य लक्षण होते है। सरकार द्वारा टी.बी. की रोकथाम के लिए अथक प्रयास किए जा रहे है। नागरिक अस्पताल में टी.बी.के मरीजों का निशुल्क उपचार किया जाता है। सरकार की योजना के अनुसार डाइट के लिए 500 रुपए




प्रत्येक महीने 6 महीने तक प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा टी.बी.के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर बिलौच में राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य दिवस मनाया




**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर बिलौच में 22/03/24 शुक्रवार को राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। यहां पर डॉक्टर मीनाक्षी दहिया मेडिकल ऑफिसर की मौजूदगी में डॉक्टर मनीषा सिंगला दंत चिकित्सक ने दांतों के रखरखाव के बारे में बताया ।मुंह की साफ सफाई के बारे में बताया गया ।उन्होंने बताया अपने मुंह को स्वस्थ रखने के लिए दिन में दो बार ब्रश करना जरूरी है।

सभी को हरी सब्जी ,ताज़े फल, दूध, दही का सेवन करना चाहिए ।स्वस्थ मुख ही स्वस्थ शरीर का आधार है और मुंह की विभिन्न बीमारियों के बारे में बताया गया जैसे की पायरिया, दांतों की सड़न, मुंह के छाले ,मुंह का कैंसर आदि। उन्होंने तंबाकू के सेवन से होने वाली हानि के बारे में लोगों को जागरूक किया ।इस मौके पर अस्पताल में एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया जिसमें लोगों को जागरूक करने के लिए महत्वपूर्ण चित्रों को दर्शाया गया।

# जय श्री श्याम के जयकारों से गूंज उठा शहर



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लबगढ़।** श्याम सेवा परिवार सेक्टर 3 फरीदाबाद के द्वारा आयोजित दशहरा मैदान में फाल्गुनी रंगभरी एकादशी के अवसर पर शहर की सबसे बड़ी खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा शुरू हुई। जिसमे 5100 निशान लेकर खाटू श्याम बाबा प्रेमी गुलाल लगाते हुए जय श्री श्याम के जयकारे बोलते हुए अनुशासन में पैदल यात्रा चलते हुए अम्बेडकर चौक से होते हुए घंटा घर और जाट भवन से सीधे सेक्टर 3 में स्थित श्री खाटू श्याम बाबा के मंदिर में यात्रा संपन्न हुई। शोभायात्रा में ढोल बैंड और डीजे पर श्याम प्रेमी झूमते हुए चलते गए। शहर में जगह जगह यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। मंदिर के प्रधान बलवीर शर्मा ने बताया कि मंदिर के द्वारा आयोजित यह शोभायात्रा तीसरी बार निकल जा रही है। फागुन की एकादशी के अवसर पर सभी भक्त अपने घरों से बाबा का निशान लाकर मंदिर में चढ़ाते हैं। सभी भक्ति भाव विभोर होकर शाम में गीतों में बाबा के दरबार में आकर अपनी हाजिरी लगाते हैं।

विमल खंडेलवाल ने बताया कि महीने की हर एकादशी के अवसर पर श्याम भक्त बाबा का गुणगान कर बाबा को आशीर्वादप्राप्त करते हैं। हरियाणा सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में श्याम बाबा मंदिर चुक्लाना धाम पानीपत में भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसका लाइव प्रसारण पूरे हरियाणा में किया जा रहा है ।फरीदाबाद में श्याम बाबा मंदिर सेक्टर 3 , माता वैष्णो मंदिर तिकोना पार्क में एलसीडी लगाई गई है। वहां से भी भक्त इनके माध्यम से जुड़ सकेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर कमेटी उपप्रधान एसएचसीपी शर्मा सहसचिव राजेश शर्मा कोषाध्यक्ष कैलाश जोशी, संयुक्त कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, मैनेजर सत्य प्रकाश रिणवा, पंडित विमल शर्मा, मधुसूदन मांटोलिया, जगदीश भाटिया विमल खंडेलवाल, सुशील गुप्ता,प्रदीप शर्मा, सचिन मंडोतिया एवं मंदिर कमेटी व समाज के प्रबुद्ध लोगों उपसथित थे।

# राइजिंग स्टार सीजन 1: डांस और गायन प्रतियोगिता 31 मार्च को



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**फरीदाबाद।** सामुदायिक कनेक्ट सेवाएँ एक संगठन के रूप में,रेडियो महारानी 89.6 के साथ मिलकर राइजिंग स्टार सीज़न 1 का आयोजन कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में डांसिंग और सिंगिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता भी भाग ले रहे हैं। यह आयोजन केआर मंगलम वर्ल्ड स्कूल, सेक्टर-88, फ़रीदाबादमें 31 मार्च 2024 को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 8 बजे तक होगा है। इस आयोजन से हरियाणा के बच्चों के साथ-साथ युवा लोगों को भी एक नया अवसर प्राप्त होगा। इस आयोजन का नेतृत्व कम्युनिटी कनेक्ट सर्विसेज के संस्थापक ज्योतिका वर्मा ने किया है। इस आयोजन में केआर मंगलम वर्ल्ड स्कूल के प्रिंसिपल, मुक्ता बक्शी और रेडियो महारानी ग्लोबल हेड, सपना सुरी, सर्वोदय अस्पताल, सेक्टर-08, फरीदाबाद का भी महत्वपूर्ण योगदान है। इस आयोजन का लक्ष्य है कि हमारे हरियाणा को नंबर 1 बनाने के लिए उन्नत तत्वों को प्रोत्साहित किया जाए, जिससे हमारे राज्य का नाम नहीं बल्कि पूरे देश का नाम रोशन हो। इस आयोजन में भाग लेने के लिए पंजीकरण अभी भी खुला है। पंजीकरण के लिए 9971809550 नंबर पर कॉल करें या WhatsApp करें:

# न्यायधीशों व भारत सरकार में मंत्री ने वकीलों के साथ मनाई होली



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला बार एसोसिएशन फ़रीदाबाद द्वारा सेक्टर 12 लॉयर्स चैंबर्स में होली मिलन समारोह का आयोजन ज़िला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जोगिंदर नर्वत व महासचिव पवन पाराशर व उन की टीम ने किया गया मुख्यअतिथि के रूप भारत सरकार में मंत्री कृष्णपाल गुर्जर व जिला व सत्र न्यायाधीश संदीप गर्ग व अन्य न्यायाधीश ने भाग लिया इस मौक़े पर जिला बार एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष संजीव चौधरी बार काउंसिल पंजाब हरियाणा के पूर्व मनोनीत सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ,पूर्व प्रधान जोगिंद्र चौहान,भारत चन्दीला ने फूलों का गुलदस्ता देकर कृष्णपाल गुर्जर का स्वागत किया इस मौक़े पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप गर्ग ने वकीलों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्यार में भाईचारा बनाए रखने का संदेश दिया। उपस्थित सभी वकीलों ने सभी न्यायाधीशों को होली की शुभकामनाएं दी ।मंच संचालन जिला बार एसोसिएशन महासचिव पवन पाराशर ने किया इस मौक़े पर जयबीर बीसला ,ओ पी यादव,सतवीर सतबीर शर्मा, ओमबीर धनकड, संजीव अत्री, सौरव राठी, आमिर चौधरी, अजीत डागर, मनोज करहाना, रवि दायमा, रितेश वशिष्ठ, बीनू चौधरी, रवि भाटी, टेक चंद भारद्वाज, कृष्ण अत्री, चेतन सिंह, राम करण भारद्वाज, शशि मिश्रा, नकुल चपराना, आशा अरोड़ा, विपिन यादव, नवीन गुप्ता, आशा अरोड़ा व सैकड़ों वक़ील मौजूद थे।

# राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में होली मिलन समारोह का आयोजन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में 22 मार्च 2024 को प्राचार्या डॉक्टर रुचिरा खुल्लर के निर्देशन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया प्राचार्या ने बताया कि होली प्रेम और मिलन का त्यौहार है, हम सबको प्रेम पूर्वक एक दूसरे के साथ सहयोग की भावना रखते हुए जीवन में आगे बढ़ना चाहिए त्योहार हमारे जीवन में ऊर्जा का संचार करते हैं, जिसमें होली अपने रंग-बिरंगे रूप के कारण सर्वाधिक प्रिय है फूलों के साथ-साथ रंगों की बहार और जलपान से यह होली का समारोह संपन्न हुआ सभी ने इस होली मिलन समारोह का भरपूर आनंद लिया।

# भारतीय रेल ने होली के त्योहारी सीजन में 540 ट्रेन सेवाएं की अधिसूचित

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल की ओर से होली के इस त्योहारी सीजन में रेल यात्रियों की सुविधा और यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए 540 ट्रेन सेवाएं संचालित की जा रही हैं। अनारक्षित डिब्बों में यात्रियों के व्यवस्थित प्रवेश के लिए टर्मिनस स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मचारियों की देखरेख में कतार बनाकर भीड़ को नियंत्रित करने के उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर आरपीएफ के अतिरिक्त जवान तैनात किए गए हैं। ट्रेनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अधिकारियों को आपातकालीन ड्यूटी पर तैनात किया गया है। ट्रेन सेवा में किसी भी व्यवधान को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने के लिए विभिन्न अनुभागों में कर्मचारियों को तैनात किया गया है। ट्रेनों के आगमन/प्रस्थान की प्लेटफॉर्म नंबरों के साथ लगातार और समय पर घोषणा करने के उपाय किए गए हैं।

# अपनी फिल्म देखने पहुंचीं अंकिता लोखंडे





**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**मुबंई।** पवित्र रिश्ता से दर्शकों के बीच लोकप्रिय हुई अंकिता लोखंडे सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। और सिर्फ सोशल मीडिया पर ही नहीं बल्कि फैशन ट्रेंड को लेकर भी वो बहुत हमेशा अप-टूट-डेट दिखाई देती हैं। वैसे तो हर आउटफिट में अंकिता बला की खूबसूरत दिखती हैं लेकिन फिर भी उन्हें पिछले कुछ समय से ज्यादातर साड़ियों में देखा जा रहा है। गॉर्जियस बाला का फुलवारी वाला ये रूप एवरग्रीन एक्ट्रेस मधुबाला की याद दिला रहा था। उन्होंने भी इस तरह के प्रिंट वाली साड़ियों को अपने जमाने में खूब पहना और ट्रेंड का हिस्सा बनाया था।


**हेवी वर्क,बैकलेस ब्लाउज**

साड़ी का सबसे अहम हिस्सा ब्लाउज होता है, जो लुक को या तो और हसीन बना सकता है या फिर उसे बोरिंग बना सकता है। अंकिता ने अपने साड़ी लुक को और प्रिटी बनाने के लिए हेवी वर्क वाला ब्लाउज चुना था। हाफ स्लीव्स वाले इस अपर वियर पर सेम वही कढ़ाई की गई थी जो साड़ी के पल्लू और बॉर्डर पर थी।

**मेकअप**

वैसे तो अंकिता बहुत ही ज्यादा सुंदर हैं, लेकिन इस साड़ी में ग्लॉसी और फ्लॉलेस मेकअप के साथ उनका निखार और भी ज्यादा खिलकर आ रहा था। अपने मेकअप को मिनिमल रखते हुए इस गॉर्जियस बाला ने साड़ी और बालियों से मैच करती लिप्सटिक लगाई थी। ये कहने में कोई हर्ज नहीं कि इस बार अंकिता का लुक सिर से लेकर पांव तक पूरी तरह से फ्लॉलेस था।(स्रोत: समाचार एजेंसी)

# मडगांव एक्सप्रेस मूवी की कहानी और मूवी रिव्यू



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**मुबंई।** कुणाल खेमू निर्देशक के रूप में किसी गहरी बात को कहने के बजाय कॉमिडी का रास्ता चुनते हैं और वे दर्शक को हंसाने और गुदगुदाने में सफल भी साबित होते हैं। हालांकि उनकी कहानी में बहुत ज्यादा नयापन नहीं है। ड्रग्स की तस्करी में पुलिस और गैंगस्टर के बीच फंसे बेगुनाह किरदारों को हम पहले भी देख चुके हैं, मगर इस देखी-दिखाई कहानी का ट्रीटमेंट कुणाल ने बेहद मनोरंजक रूप से किया है। तीन दोस्तों की दोस्ती के बहाने उन्होंने आज के सोशल मीडिया पर भी करारा तंज कसा है। फिल्म में, अब सिर्फ हमारी मौत का लकी ड्रॉ निकलना बाकी है जैसे मजेदार संवादों और स्लैपस्टिक कॉमिडी की भरमार है, जो मनोरंजन के तगड़े डोज का असर बनाए रखती है। गैंगस्टर लेडी गैंग की मछुआरनों का चश्मे और नववारी साड़ी वाला गेटअप मजेदार लगता है।

**मडगांव एक्सप्रेस मूवी रिव्यू**

मगर गोवा जाने से पहले रेलवे प्लैटफॉर्म पर पिंकू का बैग गणपत से एक्सचेंज हो जाता है। पिंकू को जो बैग मिलता है, उसमें एक पिस्तौल के साथ ढेर सारा कैश है। कहानी में मजा तब और बढ़ जाता है, जब गोवा ऐसा करने आए ये तीनों दोस्त कोकीन तस्करों की आपसी रंजिश में फंस जाते हैं। एक तरफ है डॉन मेंडोजा (उपेंद्र लिमये) तो दूसरी तरफ है उसकी खतरनाक गैंगस्टर एक्स वाइफ कांचन कोमड़ी (छाया कदम) गैंगस्टर के इस जंजाल में उनका सामना नोरा फतेही से भी होता है, जो उन्हें एक डॉक्टर ( रेमो डिसूजा) से मिलवाती है, मगर उसकी सचाई कुछ और है। कोकीन की तस्करी के आरोप में फंसे ये तीनों दोस्त पुलिस और गैंगस्टर से बच पाते हैं या नहीं, ये देखने के लिए आपको सिनेमा हॉल जाना होगा।

**मडगांव एक्सप्रेस मूवी की कहानी**

कहानी कुछ ऐसी है कि डोडो (दिव्येंदु), पिंकू( प्रतीक गांधी) और आयुष (अविनाश तिवारी) तीनों बचपन के दोस्त हैं और बचपन से ही तीनों का एक सपना था कि बालिग होने के बाद वे गोवा जाकर ऐश करेंगे, मगर उनका ये सपना पूरा नहीं हो पाया। बड़े हो जाने के बाद आयुष और पिंकू विदेश में जाकर सेटल हो जाते हैं, जबकि डोडो पिज्जा डिलीवरी बॉय बनकर चॉल में रह जाता है। मगर अपने दोस्तों की अमीरी की बराबरी करने के लिए वह फोटोशॉप की हुई तस्वीरों और झूठी पोस्ट से सोशल मीडिया पर खुद को रईस दिखाने के लिए एक फरेबी दुनिया गढ़ता है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब उसके ये अमीर विदेशी दोस्त मुंबई आते हैं और गोवा जाने के बचपन के सपने को पूरा करने के लिए तैयार हो जाते हैं।(स्रोत: समाचार एजेंसी)



## संपादकीय

# शायद गलतफहमी में जी रहे थे!

केजरीवाल को शायद गलतफहमी थी कि इनको जब गिरफ्तार किया जाएगा तो लाखों की संख्या में उनके समर्थक दिल्ली की सड़कों पर उतर पड़ेंगे... और तब यह ड्रामा करके सहानुभूति पाने के लिए मीडिया के कैमरों के सामने पूरा नाटक करेंगे... परंतु हाय रे समय .... ईडी के अधिकारी जब उनके बंगले पर पहुंचे तो 2 घंटे तक वहां पूछताछ चली, गिरफ्तारी की घोषणा 2 घंटे बाद हुई,, और फिर ईडी वाले केजरीवाल को जब लेकर उनके बंगले से निकले तब 2 घंटे और... यानी कि कुल 4 घंटे से ज्यादा समय बीत चुके थे.. बावजूद इसके समय का बदलाव देखिए जरा समय कितना बलवान होता है... सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस वालों और मीडिया कर्मियों के अलावा समर्थक के नाम पर 50 लोग भी वहां नहीं दिखे,, ना तो मुख्यमंत्री आवास के बाहर और ना ही श्वष्ठ दफ्तर के बाहर... !



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

मनुष बली नहीं होत है, समय होत बलवान
भीलन लूटी छोकरियां, वही अर्जुन वही बान।

कभी भारी जन समर्थन के कारण विधानसभा की 70 में से 67 सीट जीतने वाले नेता की गिरफ्तारी पर उनके समर्थकों की यह उदासीनता चौंकती है, बदले हुए समय का संदेश देती है ! **साभार: - प्रमोद शुक्ला**

# श्मशान घाट को लेकर दो गांव में विवाद 3 घंटे तक शव को सड़क पर लेकर बैठे रहे ग्रामीण

**समाचार गेट/संजय राघव**

**सोहना।** शमशान घाट को लेकर दो गांवों के ग्रामीणों में विवाद पैदा हो गया है ।जिंसके कारण एक गाँव के ग्रामीणों ने दूसरे गाँव के मृत बुजुर्ग का अंतिम संस्कार करने से रोक दिया है। जिसके चलते पीड़ित ग्रामीण सड़क पर बैठ गए। मामले की सूचना मिलने पर सदर थाना प्रभारी ने पहुँचकर लोगों को समझाने का भरसक प्रयास किया किन्तु वे नहीं माने। बाद में सोहना एसडीएम के पहुंचने पर मृतक बुजुर्ग का अंतिम संस्कार किया गया। जहां बताया जा रहा है कि चमन पुरा की सरपंच आशा के ससुर हरी सिंह 70 वर्षीय की बीती रात बीमारी के चलते निधन हो गया था।और आशा के देवर सोहन पाल ने बताया सुबह पिता के शव को लेकर अंतिम संस्कार को लेकर ग्रामीण लोह सिंघानी के शमशान में पहुंचे लेकिन जैसे ही लोह सिंघानी के गांव के लोगों पता चला तो उन्होंने एतराज उठाया और मौके पर पहुंच गए ।मामला बढ़ता देख प्रशासन मौके पर पहुंचा। जहां लोह सिंघानी की सरपंच के पति तरुण का कहना है कि 2021 2022 में चमन पुरा पंचायत लोह सिंघानी से अलग हुई जहां चमन पुरा को अलग से शमशान की भूमि अलॉट हो चुकी है ।तो इनका गांव लोह सिंघानी में अंत्येष्टि नही करनी चाहिए, जबकि चमन पुरा के सरपंच के देवर सोहन पाल का कहना है कि लोह सिंघानी में दो शमशान हैं जिसमे एक हमारा भी शमशान है ।हमारे गांव में बने शमशान के लिए रास्ता नही है ।इसलिए हम पिता की अंत्येष्टि करने लोह सिंघानी के शमशान में जा रहे थे ।जहां ग्रामीणों ने हमे अंतिम संस्कार नही करने दिया।

**शव को लेकर सड़क पर बैठे :** गाँव चमनपुरा के ग्रामीण मृतक हरिसिंह का अंतिम संस्कार न होने पर शव को लेकर सड़क पर बैठ गए। जो दोपहर 12 बजे से लेकर 3 बजे तक सड़क पर ही जमे रहे। मृतक के बेटे कल्याण सिंह ने बताया कि 2021 में चमनपुरा गाँव अलग पंचायत बनने पर लोहसिंघानी गाँव से अलग हो गया था। तथा उपायुक्त ने दोनों गांवों में बने श्मशान घाटों को भी बांट दिया था। जिस श्मशान पर विवाद पैदा हुआ है वह ग्रामपंचायत चमनपुरा के नाम पर है।

**क्या कहते हैं एसडीएम :** सोहना एसडीएम सोनू भट्ट बताते हैं कि चमनपुरा निवासी हरिसिंह का अंतिम संस्कार करा दिया गया है। दोनों ही गांवों के लोगों को मंगलवार को कार्यालय में बुलाया गया है। श्मशान से सम्बंधित दस्तावेजों की भी जांच की जाएगी। ताकि दोनों गांवों का विवाद समाप्त हो सके।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर बोले मंत्री संजय सिंह– भ्रष्टाचार किया है उन्हें भुगतना पड़ेगा

**समाचार गेट/संजय राघव**

**सोहना।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी गिरफ्तारी को लेकर हरियाणा के राज्य मंत्री कुंवर संजय सिंह ने कहा कि उन्होंने भ्रष्टाचार किया है चाहे वह शराब घोटाला हो या अन्य घोटाला यह सरकारी कार्रवाई है जो चल रही है जो गलत है उसके खिलाफ कार्रवाई होगी मंत्री संजय सिंह ने कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नारे जो नहीं देगा बीजेपी को चंदा, उसके गले में ईडी का फंदा, इसको लेकर कहा कि दीपेंद्र हुड्डा को मैच्योरिटी की आवश्यकता है यह उनकी बचकाना आदत है देश में जिस तरह उनके परिवार की इज्जत है उन्हें किसी नेशनल पार्टी को लेकर इस तरह के बयान नहीं देने चाहिए। हरियाणा के राज्य मंत्री संजय सिंह 24 मार्च को मेवात के तावडू में होने वाले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की रैली को लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। गौरतलब है कि 24 मार्च को मेवात के तावडू क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री रैली को संबोधित करेंगे जिसको लेकर कार्यकर्ताओं को इसकी तैयारी के लिए कहां गया इस मौके पर गुड़गांव जिला अध्यक्ष कमल यादव ने भी भाजपा कार्यकर्ताओं को इस रैली को कामयाब करने के लिए जिम्मेवारिया सौपी। मंत्री संजय सिंह ने कहा कि 24 तारीख को ओ क्षेत्र में होने वाली रैली एक मील का पत्थर साबित होगी। यह रैली चुनाव की पहले रैली है जो कि मेवात में भी एक बड़ा परिवर्तन लाएगी और हमारा प्रदेश में ही एक अच्छा मैसेज देगा ।उन्होंने विकास को लेकर कहा कि इस समय चुनाव आचार संहिता चली गई है जिसको लेकर वह उसका सम्मान करते हैं लेकिन भाजपा हमेशा प्रदेश विकसित की बात करती है। अपने विकास के दम पर ही जीत दर्ज करती है।

## महिला के गले से चैन छिनने के मामले में एक आरोपी महिला को किया गिरफ्तार

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी शशांक कुमार सावन के दिशा निर्देश में कार्य करते थाना मॉडल टाउन पुलिस ने महिला के गले से सोने की चैन छीनने वाली एक आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार की गई महिला आरोपी की पहचान पंजाब के जिला सगरूर के गांव छन्ना निवासी सुमनी उर्फ़ कर्मजीत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से छिन्नी हुई सोने की चैन को बरामद कर लिया है। जांचकर्ता ने बताया की दिनांक 20 मार्च 24 को गांव जाटुवास निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में बताया की वह सेक्टर 18 रेवाडी में शिव महापुराण की कथा सुनने के लिए गई थी। कथा समाप्त होने के बाद जब वह अपने घर जाने लगी तो रास्ते में पीछे से एक महिला ने उसके गले से चैन छीन ली। जिस पर कुछ महिलाओं ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ थाना माडल टाऊन रेवाड़ी मामला दर्ज करके मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला आरोपी सुमनी उर्फ़ कर्मजीत को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने महिला आरोपी के कब्जे से छीन्नी हुई सोने की चैन को बरामद कर लिया है। पुलिस ने महिला आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# भोजावास में डीएसपी ने ग्रामीणों को साईबर क्राईम को लेकर किया जागरूक

## साईबर फ्रॉड होने पर तत्काल हेल्पलाईन 1930 नम्बर पर करें कॉल

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के निर्देशानुसार साईबर ठगों से बचने के लिए आमजन को बताने के लिए भिन्न-भिन्न तरीकों से जिला पुलिस द्वारा आमजन को जागरुक किया जा रहा है। कनीना डीएसपी महेंद्र सिंह ने शुक्रवार को भोजावास में आयोजित जागरुकता सेमिनार में ग्रामीणों को जागरूक किया। उनके साथ कनीना सदर थाना प्रभारी निरीक्षक रामनाथ, थाना यातायात प्रबंधक निरीक्षक नरेश कुमार सहित पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे। डीएसपी ने आमजन को साइबर अपराध के बारे में बताया कि साइबर अपराधी आमजन को अपने जाल में फंसाते हैं। उन्होंने कहा कि मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से अनेकों प्रकार के लिंक आते हैं, जिनपर क्लिक करते ही सारा डाटा साईबर आपराधियों के पास चला जाता है, जिससे उपभोक्ता ठगी का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के पास कोई भी अवांछनीय संदेश ना भेजें तथा अपनी किसी प्रकार की जानकारी शेयर ना करें और ना ही किसी अनजान व्यक्ति से अपना ओटीपी,पिन नम्बर,खाता नम्बर आदि शेयर करें। किसी अंजान व्यक्ति के साथ आधार नंबर, इमेल आईडी, सत्यापन कोड व अन्य निजी जानकारी सांझा न करें। साईबर अपराध घटित होने पर तत्काल हेल्पलाईन नमबर 1930 पर कॉल करें ओर साथ ही नजदीकी पुलिस चौकी या थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराएं। थाना यातायात प्रबंधक ने आमजन को यातायात नियमों के बारे में दी। दुपहिया चालकों को हेलमेट पहनने, वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग न करने, नशा कर वाहन न चलाने,सीट बेल्ट बांधने, धीमी गति से वाहन चलाने के साथ सुरक्षा उपायों को अपनाने के लिए जागरूक किया। यातायात नियमों का पालन किसी डर या भय से नहीं, बल्कि सुरक्षा कवच मानकर मन से करें।



# एसडीएम ने विभागीय कर्मचारियों को दी होली की बधाई



**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**

**होडल।** लघु सचिवालनय स्थित उप मंडल कार्यालय में होली के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में तैनात कर्मचारियों व विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। कार्यक्रम में देवेंद्र सैरोत, सतीश कुमार, जगनलाल नांगल, रोशनलाल शर्मा, ऋषी भारद्वाज, विष्णु गौड, एसडीएम के रीडर सुखदेब, मुकेश तिवारी, विनोद कुमार, मनोज शर्मा, प्रदीप, बिजेंद्र शर्मा, अनिल कुमार, विष्णु, श्याम सुंदर सहित अन्य कार्यालयों के कर्मचारियों ने एसडीएम रणवीर सिंह लोहान को चंदन का टीका और गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर एसडीएम रणवीर सिंह ने भी कर्मचारियों को होली की बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि यह पर्व रंग और गुलाल का पर्व है। यह पर्व प्रकृति के साथ सामंजस्य और सहभागिता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। होली का त्यौहार समाज में सौहार्द और आपसी सहयोग बढ़ाने का संदेश देने वाला पर्व है। होली के रंग जन-मानस में खुशियां और उल्लास बिखेरते है तथा रिश्तों में प्रेम के गहरे रंग भरता है। उन्होंने कहा कि होली पर मात्र रंग और गुलाल ही नहीं उड़ते, बल्कि खुशियों की फुहारें भी छूटती हैं। होली जात-पात और ऊंच-नीच की भावना से विमुख, प्रेम, इंसानियत, भाईचारे और सद्भावना का त्योहार है। जिसे हम सभी को आपस में मिलकर मनाना चाहिए।

# नियमों की उंल्लघना करने पर 400 भारी वाहनों के किए चालान

**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**

**होडल।** पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के आदेश पर हरदीप सिंह दून पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे, करनाल के निर्देशन में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतू लेन ड्राईविंग (बाँई लेन) में चलने के नियमों की उंल्लघना करने वालों के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविंग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने एवं इस अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए कि मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाए। निर्देशों की अनुपालना में एसएचओ ट्रैफिक निरीक्षक रविंद्र कुमार की टीम ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लेन ड्राईविंग (बाँई लेन) में चलने के नियमों की उंल्लघना करने वाले 400 भारी वाहनों के चालान किए। पुलिस अधीक्षक ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में चले जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



# खेडी स्कूल के विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण के दौरान किया महेंद्रगढ जिले के ऐतिहासिक स्थलों का दौरा




**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी तलवाना के विद्यार्थियों ने जिले के महम्वपूर्ण तथा एणतिहासिक स्थलों का शैक्षिक भ्रमण किया। इस यात्रा में कक्षा 6-8 के 55 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। यात्रा को विद्यालय के प्राचार्य दीपक लाटा ने रवाना किया। उन्होंने कहा कि पूर्व व्यावसायिक शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों ने सबसे पहले राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महेंद्रगढ़ का भ्रमण किया। जहां विद्यार्थियों ने वोकेशनल एजुकेशन संस्थान के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों से शैक्षिक जानकारी हासिल की। उसके बाद उन्होंने ऐतिहासिक व पर्यटन स्थल माधोगढ़ किले, जलमहल नारनौल, रामेश्वरदास धाम की यात्रा की। प्राचार्य दीपक कुमार लाटा ने भ्रमण के दौरान अर्जित जानकारी विद्यार्थियों को दी। इस शैक्षिक भ्रमण दल में विद्यालय के शिक्षक सुनील कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, मनीषा कुमारी, दीपक शर्मा, सतवीर वोकेशनल शामिल थे।

# कनीना खंड के गावों में पानी की गुणवत्ता जांचने के लिए पंहुची मोबाईल वैन





**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से जिले के सभी खंडों के लिए रवाना की गई मोबाइल वॉटर टेस्टिंग वैन शुक्रवार को कनीना खंड के करीब 6 गावों में पंहुची। गांव में वैन कर्मियों ने पेयजल के नमूने एकत्रित कर उनकी जांच की जिसमें टीडीएस आदि की मात्रा मिली। पेयजल की जांच वैन के माध्यम से मौके पर ही की जा रही है। मोहित कुमार ने बताया कि यह मोबाइल वैन कनीना खंड के सोलह गांवों का जल परिक्षण करेगी। उन्होंने बताया कि पानी का विशेष महत्व है। शुद्ध जल हमे स्वसथ रखता है। उन्होंने कहा कि पानी की गुणवत्ता स्वास्थ के विषय में बहुत मायने रखती है। मोबाईल वैन ने कनीना खंड के गांव खैराना, बेवल, झिंगावण, सुंदरह, कोका, मोहनपुर इसराना व रामबास में पानी की जांच की। लैब असिस्टेंट उज्ज्वल कुमार ने बताया कि मोबाइल वॉटर टेसटिंग वैन के माध्यम से पानी की गुणवत्ता जांचने के लिए टीडीएस,पीएच, टरबीडिटी आयरन, वॉटर हार्डनेस, फ्लोराइड, नाइट्रेट, सल्फेट व जिंक तत्वों की जांच की जाती है। बहुत से गावों में पानी की गुणवत्ता दयनीय है। इस मौके राहुल खैराना, योगेन्द्र बेवल, सत्यवीर सुंदरह, विजय, जयपाल, विक्रम, विनय कुमार सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया

**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**

**होडल।** भारत स्काउट एंड गाइड्स पलवल तथा रेड क्रॉस सोसाइटी पलवल के संयुक्त तत्वाधान में डीएवी पुलिस पर्बलिक स्कूल के प्रांगण में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला संगठन आयुक्त स्काउट योगेश सौरोत रहे जबकि अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा यदुवंशी द्वारा की गई तथा प्रशिक्षण कार्य रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रशिक्षक अंकित द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्काउट गाइड की जॉइंट सेक्रेटरी मीणा द्वारा किया गया। इस अवसर पर अंकित द्वारा विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा, रोड सेफ्टी की विभिन्न सावधानियां के बारे में बताया गया। डीओसी योगेश सौरोत द्वारा आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के साथ-साथ तथा जीवन में स्काउटिंग के महत्व के बारे में तथा स्काउटिंग की गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सीमा यदुवंशी ने कहा इस प्रकार के प्रशिक्षण मानव जीवन के लिए बहुत उपयोगी है। अनुशासित तथा प्रशिर्क्षित युवा देश के उज्जवल भविष्य है।









# जिला में सुनिश्चित की जाए प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट प्रॉपर्टी एक्ट की पालना : जिलाधीश नेहा सिंह

**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**



**होडल।** जिलाधीश नेहा सिंह ने चुनाव अवधि के दौरान दंड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा-144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजनीतिक दलों द्वारा दीवार लेखन, पोस्टर/कागज चिपकाना, कटआउट को खड़ा करना आदि के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिलाधीश नेहा सिंह ने सभी विभागों के विभागाध्यक्षों को डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की सख्त से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि वे अपने-अपने कार्यालय परिसर में डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सरकारी/अर्द्ध सरकारी संपतति पर किसी प्रकार का कोई राजनीतिक संदेश/होर्डिंग/पोस्टर/वॉल पेंटिंग नहीं लगी होनी चाहिए। यदि ऐसा पाया जाता है तो यह हरियाणा प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट प्रॉपर्टी एक्ट 1989 और संशोधित अधिनियम-1996 के अंतर्गत उल्लंघन माना जाएगा और कार्रवाई की जाएगी। जारी निर्देशों के तहत आदर्श चुनाव आचार संहिता के दौरान सरकारी, गैर सरकारी संपतति या सरकारी परिसर अर्थात कार्यालय भवन, परिसर और प्रतिष्ठान की पर दीवार-लेखन, पोस्टर आदि सभी प्रकार की प्रचार सामग्री लगाना प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियों, संगठनों, उम्मीदवारों डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना करें। सभी राजनीतिक दल या उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी व्यक्तिगत भूमि, भवन, परिसर, दीवार आदि पर वे स्वयं या उनके समर्थकों द्वारा झंडे, बैनर, नोटिस न लगाए जाएं तथा स्लोगन न लिखे जाएं। ऐसा करना संपतति के प्रतिरूपण के तहत आता है तथा इसका दोषी पाए जाने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 425, 426, 427 व 433 एवं दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 133 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा संबंधित व्यक्ति के खिलाफ हरियाणा सम्पतति प्रतिरूपण रोकथाम अधिनियम एवं नगर पालिका कानूनों के तहत भी कार्रवाई होगी। जिला प्रशासन द्वारा सम्पतति प्रतिरूपण के मामलों में प्रचार सामग्री हटाने पर होने वाले खर्च को भी संबंधित राजनीतिक दल, संगठन, उम्मीदवार अथवा संबंधित व्यक्ति से वसूलेगा।

# लोकसभा चुनाव को शातिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए जिला पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स ने निकाला फ्लैग मार्च

**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**



**होडल।** जिला पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अंशु सिंगला के कुशल निर्देशन में 25 मई 2024 को आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए शुक्रवार को पलवल पुलिस व पैरामिलिट्री की संयुक्त टीमों ने मिलकर पलवल के क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। लोकसभा चुनाव को देखते हुए पलवल पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ मिलकर पलवल बस स्टैंड, मीनार गेट ,कमेटी चौक,अलावलपुर चौक,माल गोदाम रोड एरिया में जिला पुलिस एवं एक कंपनी आइटीबीपी के जवानों ने मिलकर ग्रामीण क्षेत्र व शहरी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला इस फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य लोगों में विश्वास दिलाना है कि जिला पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स की टीम आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। फ्लैग मार्च के जरिए ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ भयमुक्त मतदान करने का संदेश दिया गया है इस दौरान जिला पुलिस लाइन प्रबंधक इंस्पेक्टर मलखान सिंह, चौकी बस अड्डा प्रभारी उप निरीक्षक सुरेश कुमार सहित आइटीबीपी की कंपनी मौजूद रही।

# अवैध शराब तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 3 शराब तस्करों को किया गिरफ्तार

**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**

**होडल।** जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला, पुलिस अधीक्षक पलवल के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान शराब तस्करी पर प्रहार करते हुए अवैध शराब तस्करों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत दिनांक 20 मार्च 2024 को क्राइम ब्रांच पलवल प्रभारी निरीक्षक उमर मोहम्मद की टीम में तैनात हेड कांस्टेबल मनोज कुमार ने विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सदर पलवल क्षेत्र अंतर्गत गांव दीघोट निवासी युवक को अपने घर के आगे तख्त के नीचे प्लासटिक तिरपाल के निचे रखकर शराब बेचते दबोचने में कामयाबी हासिल की। आरोपी से 160.5 बोतल देसी अवैध शराब,135.5 बोतल विभिन्न प्रकार की अंग्रेजी अवैध शराब तथा 90 बोतल बियर कुल 32 पेटी शराब बरामद की। वहीं दूसरे मामले में क्राइम ब्रांच होडल में तैनात हेड कांस्टेबल सुंदर ने थाना होडल क्षेत्र अंतर्गत गढ़ी मोड़ होडल से एक आरोपी को 47 पव्वा अवैध देसी शराब मार्का मस्ताना सहित धर दबोचा। इसी प्रकार तीसरे मामले में होडल थाना अंतर्गत चौकी में तैनात




हेड कांस्टेबल मानसिंह ने अंधवा पट्टी होडल से एक आरोपी को 44 पव्वा अवैध देसी शराब मार्का मस्ताना सहित काबू किया। उपरोक्त मामलों में आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# होली पर्व के मद्देनजर किए व्यापक पुलिस प्रबंध, होली पर हुड़दंग किया तो खैर नहीं : डॉ अंशु सिंगला

**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**

**होडल।** जिला पुलिस अधीक्षक डाक्टर अंशु सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि होली व धुलहैंड़ी पर्व के मध्यनजर जिला पुलिस अधीक्षक पलवल डॉ अंशु सिंगला,आईपीएस के आदेशानुसार जिले में मुस्तैदी बरती जा रही है। सभी थाना व चौकी प्रभारियों को सतर्कता के साथ अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करने के आदेश जारी किए गए हैं साथ ही रात्रि गश्त बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। लोगों की सुरक्षा को देखते हुए जिलें भर में प्रत्येक थाना व चौकियों के अंतर्गत 61 चिनहित जगहों पर नाके/गस्त लगाए गए हैं। क्षेत्र में गश्त करने हेतू पीसीआर व राईडऱों की ड्यूटी लगाई गई है। जिला उपायुक्त महोदया द्वारा भी ड्यूटी मजिस्ट्रेटों को नियुक्त किया गया है। जिनसे हर संपर्क साधकर स्थिति पर नियत्रण रखा जाएगा। होली पावन पर्व के अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला ने जिला वासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नशे से युवा बर्बाद हो रहा है और समाज और देश के विकास में नशा सबसे बड़ी बाधा है ।नशा की समस्या एक सामाजिक समस्या है इसलिए समाज के सभी लोगों को पलवल नशा मुक्त अभियान में अहम भूमिका निभानी होगी। उन्होंने आमजन से आह्वान किया है कि होली पर नशे जैसी बुराई का दहन कर पूरी तरह नशा मुक्त एवं अपराध मुक्त समाज बनाने की शपथ ले।



**नशे का सामान बेचने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई**

जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।इस संबंध में सभी थाना प्रभारियों कड़े निर्देश दिए गए हैं कि वे होली के पर्व को देखते हुए नशा तस्करों पर कड़ी नजर रखी जाए। इसी के साथ सभी थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि वे मेडिकल संचालकों की बैठक लेकर उन्हें स्पष्ट निर्देश दें कि वह किसी भी सूरत में मेडिकल से जुड़ा नशे का सामान न बेचें। लोग नशा बेचने वालों की सूचना हेल्पलाइन नंबर 1800-120-7229 पर दें सकते हैं, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकें। सूचना देने वालों का नाम पुलिस पूरी तरह से गुप्त रखेगी। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला द्वारा सभी थाना प्रबंधक व चौकी प्रभारियों को आदेश जारी किए गए हैं कि होली पर शरारती तत्व व अफवाहों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। स्वयं अपने-अपने इलाके में पड़ने वाले मुख्य बाजार, चौक-चौराहे, होटल-ढाबे, धर्मशाला-मस्जिदों एवं भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर पैनी नजर बनाए रखें। सुनिश्चित करें कि इन जगहों पर कोई संदिग्ध व्यक्ति न ठहरे। पुलिस अधीक्षक महोदया ने जिला वासियों को रंगो से भरे होली पर्व की पुनः हार्दिक शुभ कामनाएं देते हुए अपील की है कि सदभाव से त्यौहार मनाएं। कहीं पर भी किसी प्रकार की कोई संदिगध वस्तु नजर आए तो उस स्थान को खाली कर भीड एकत्रित न होने दें और इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# चुनाव के दौरान लाउडस्पीकरों के उपयोग को लेकर जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने भारत के चुनाव आयोग के निर्देशों और जिला नूंह में चुनाव अभियानों के लिए लाउडस्पीकरों के उपयोग के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए है। उन्होंने आदेशों में कहा है कि चुनाव अवधि के दौरान लाउड स्पीकर के उपयोग को पूरी तरह से नहीं रोका जा सकता है, लेकिन विषम समय में और विषम स्थानों पर बहुत अधिक ध्वनि पर लाउडस्पीकर का अंधाधुंध और निर्बाध उपयोग से शांति प्रभावित होती है, जिससे लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के दौरान चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जिला में लाउडस्पीकरों के उपयोग को सख्ती से विनियमित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सार्वजनिक संबोधन प्रणाली या लाउडस्पीकर अथवा कोई भी ध्वनि एम्प्लीफायर,


**वाहनों पर लाउडस्पीकर लगाने से पूर्व अनुमति लेनी जरूरी।**

**सख्ती से करना होगा नियमों का पालन, अन्यथा होगी कार्यवाही।**

चाहे वह किसी भी प्रकार के वाहनों पर लगा हो या चुनाव प्रचार के उद्देश्य से सार्वजनिक बैठक के लिए उपयोग किया जा रहा हो, उसका रात में 10 बजे से लेकर सुबह के 6 बजे के बीच उपयोग नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल, उम्मीदवार को किसी भी वाहन पर लाउडस्पीकर का उपयोग करने के लिए प्रशासन की ओर से पूर्व अनुमति लेनी होगी। सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और यहां तक कि किसी भी व्यक्ति को चलती गाड़ी या किसी निश्चित स्थान



पर लाउडस्पीकर का उपयोग करने के लिए अनुमति लेनी जरूरी है। यह अनुमति रिटर्निंग ऑफिसर, संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के पीसी/एआरओ और उपायुक्त-सह-जिला चुनाव अधिकारी नूंह से लेनी होगी। वहीं वाहनों पर लाउडस्पीकर का उपयोग करने से पहले स्थानीय पुलिस अधिकारियों को उनके द्वारा प्राप्त परमिट का पूरा विवरण लिखित रूप में देना होगा। लाउडस्पीकर के उपयोग के लिए परमिट देने वाले प्राधिकारी और पुलिस प्राधिकारी सख्ती से यह लागू करेंगे कि आदर्श आचार संहिता के किसी भी निर्देश का उल्लंघन करके किसी भी व्यक्ति द्वारा लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जाए। यदि किसी राजनीतिक दल अथवा उम्मीदवार द्वारा लिखित अनुमति के बिना लाउडस्पीकर का उपयोग किया जाता है तो लाउडस्पीकर और उसके साथ लगे सभी उपकरणों को तत्काल जब्त कर लिया जाएगा। राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके कार्यकर्ताओं व समर्थकों द्वारा इन निर्देशों के किसी भी उल्लंघन या गैर-अनुपालन को गंभीरता से लिया जाएगा और उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इन निर्देशों का उल्लंघन होने या अनुपालन न करने की स्थिति में संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।







# लाइफ लांग कंपनी में हुए दर्दनाक हादसे में अब तक 10 की हुई मौत

**मृतकों के परिजनों को एक करोड़ व घायल को 50 लाख देने की मांग।**

**मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन।**




**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** लाइफ लांग कंपनी में हुए दर्दनाक हादसे के विरोध में और सरकार के उदासीन रैवये के खिलाफ शहर में जुलूस निकाल कर उपायुक्त की मार्फत मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन से पहले नेहरू पार्क में मृतक श्रमिको को दो मिनट का मौन करके श्रद्धाजलि अर्पित की, जिसमे वकीलों समेत काफी संख्या में सामाजिक संगठनों, प्रबुद्ध नागरिको ने हिस्सा लिया। केंद्रीय ट्रेड यूनियन ए आई यू टी यू सी के राज्य प्रधान कामरेड राजेन्द्र सिंह एडवोकेट ने प्रदर्शन करियो को संबोधित करते हुए कहा कि यह हादसा अनायास नही हुआ है बल्कि इस हादसे की जानकारी प्रबंधक कंपनी को पहले से ही थी, क्योकि तीन बायलर की जगह केवल एक ही बायलर काम कर रहा था और उसकी भी लंबे समय से सर्विस नही करवाई गई थी। श्रम विभाग के अधिकारी आंख बंद करके बैठे रहे जबकि श्रमिक श्रम विभाग को इस बारे शिकायत कर चुके थे। कंपनी की तरफ से श्रमिको को सावधानी परिधान और सुरक्षा किट इत्यादि उपलब्ध नही करवाए गए, जबकि ये सब मांगे श्रमिक प्रबधक के सामने उठाते आ रहे थे। बॉयलर भी दो बार पहले फट चुका था। कामरेड सिंह ने कहा कि एक के बाद एक 10 श्रमिको की मौत हो चुकी है और यह सिलसिला जारी है। इस हादसे से हर कोई नागरिक दुखी है। कंपनी के श्रमिकों की आखो में आंसू है, उनके साथ काम करने वाले उनकी आँखों के सामने से ही एक के बाद जा रहे है। परन्तु कंपनी एक दिन भी बंद नही हुई । मुनाफा खोरी व्यवस्था की यही बर्बता और असभ्यता हैं। प्रबंधक श्रमिको को गाजर मूली समझते है जो हर रोज मंडी में नई आ जाती है। इनके लिए श्रमिको का यही महत्व हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रबंधक के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया जाए। मृतक के परिवारजनों को एक एक करोड़ और घायलों को 50 लाख मुवावजा दिया जाए। मृतक के परिवार जन को स्थायी नोकरी दी जाए। ऐसी घटनाओं की पुनरावर्ती ना हो, उसके लिए कारगर कदम उठाए जाएं। श्रम विभाग की भूमिका की भी जांच की जाए। किसान नेता अशोक कुमार मूसेपुर, रामकुमार निमोठ, राकेश कुमार अमर सिंह राजपुरा, अमृत लाल, करण सिंह, मनोज यादव, सोमेंद्र यादव, सुरेन्द्र रोहिला, सोनपाल, जोगिंदर, सूर्यकांत, बीर सिंह, अमित, आयुष सुनीता एडवोकेट्स इत्यादि मुख्य रूप से शामिल थे।

# एसपी शशांक कुमार सावन ने की पत्रकारों से मुलाकात, कहा- लॉ एंड ऑर्डर को रखा जाएगा कायम

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि जिले में अपराध रोकने के लिए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला में चोरी, नशा तस्करी, महिला विरुद्ध अपराध व साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए कड़े व ठोस कदम उठाए जाएंगे ताकि लोगों को इस प्रकार के अपराधों से बचाया जा सके। जिला रेवाड़ी का कार्यभार संभालने के बाद पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन शुक्रवार को पहली बार जिला के मीडियाकर्मियों से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने मीडियाकर्मियों से रेवाड़ी जिला से संबंधित विभिन्न प्रकार की समस्याओं बारे भी जानकारी हासिल की और उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करते हुए जल्द ही रोडमैप तैयार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेशभर में नशा तस्करी को रोकने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाए जा रहे है। इसी कड़ी में जिला रेवाड़ी में नशा खोरी व नशा तस्करी रोकने के लिए ओर अधिक मजबूती से अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने और सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने के लिए भी पुलिस प्रशासन की ओर से हरसंभव प्रयास किया जाएंगे। हरियाणा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर सेफ सिटी कैंपेन के तहत प्रदेश में ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम की शुरुआत की गई है। अकेले में सफर करने वाली छात्राएं, महिलाएं हरियाणा 112 पर खुद को पंजीकृत करते हुए हरियाणा पुलिस द्वारा शुरू की गई इस सेवा का लाभ उठा सकती हैं। खुद को पंजीकृत करने के बाद छात्राएं, महिलाएं अपने सफ़र को सुरक्षित बना सकती है। सफर के दौरान हरियाणा पुलिस की टीम द्वारा महिला को तब तक ट्रैक किया जाता रहेगा, जब तक महिला अपने गंतव्य तक सुरक्षित नहीं पहुंच जाती। एसपी ने जिला वासियों को रंगों के पर्व होली की बधाई देते हुए कहा कि सभी रंगों के इस त्योहार को खुशी से और मिलजुल कर मनाए। होली पर हुड़दंगबाजी न करे। त्योहार की आड़ में उपद्रव करने वालों पर पुलिस प्रशासन की ओर से सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मोटरसाइकिल से पटाखे छोडने. वालों से भी सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि देशभर में लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। निर्वाचन आयोग की हिदायतानुसार जिला रेवाड़ी में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक व निष्पक्ष रूप से सम्पन्न करवाया जाएगा। एसपी ने कहा कि धारूहेड़ा की फैक्ट्री में ब्लास्ट के मामले में इंडस्ट्रियल एक्सपर्ट की मदद ली जाएगी और जल्द जांच पूरी कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

# संस्थाओं के सहयोग से लाइब्रेरी, स्पोर्ट्स किट और डिजिटल स्क्रीन का हुआ उद्घाटन



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिले के बावल खंड के राजकीय प्राथमिक पाठशाला नांगल तेजू में सेल्फ रिलायंट इंडिया और डेवलपमेंट कंसोर्टियम संस्थाओं के सहयोग से लाइब्रेरी, स्पोर्ट्स किट और डिजिटल स्क्रीन का उद्घाटन किया गया। इसमे मुख्याथिति के रूप में उप जिला अधिकारी बावल मनोज कुमार उपरस्थित रहे। संस्थाओ द्वारा इसी प्रकार खंड के अन्य 7 राजकीय विद्यालयों में भी लाइब्रेरी व स्पोर्ट्स किट और 3 राजकीय विद्यालयों रालियावास, आसलवास, और खंडोडा मे लाइब्रेरी व स्पोर्ट्स किटके साथ साथ डिजिटल स्क्रीन प्रदान की गई हैं। इस मौके पर मुख्याथिति मनोज कुमार ने कहा कि अभी के राजकीय विद्यालयों मे पहले कि तुलना मे आधारभूत सुविधाये अधिक है और इसको ध्यान मे रखते हुए अध्यापकों को बच्चों पर पूरा ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल बोर्ड और लाइब्रेरी के माध्यम से बच्चों के सीखने के स्तर मे बढ़ोतरी होगी और प्राइमरी स्तर से ही बच्चों को डिजिटल माध्यम से शिक्षा ग्रहण करने में और इस पर समझ बनाने में मदद मिलेगी। जिससे सरकारी स्कूल के बच्चें भी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर पाएंगे। सेल्फ रिलायंट इंडिया संस्था के संचालक सुरेंद्र यादव ने बताया कि सरकारी स्कूल में बच्चों की संख्या कम होने के कारण ज्यादातर सरकारी स्कूल विलय होने की कगार पर है,तो उन्होंने बताया कि हम सभी को मिलकर सरकारी स्कूल में सहयोग करना होगा जिससे गांव का सरकारी स्कूल बंद ना हो और गाव के बच्चों को किसी दूसरे स्कूल में ना जाना पड़े। डेवलपमेंट कंसोरटिम संस्था से प्रोग्राम लीड वसीम अहमद ने बताया कि हमारी संस्था आगे भी इसी प्रकार सहयोग करती रहेगी जिससे इस छोटी सी पहल को और आगे बढ़ाया जा सके। गौरतलब है कि सेल्फ रिलायंट इंडिया द्वारा नन्हे कलाम प्रोग्राम पिछले सात सालों से जिला प्रशासन के सहयोग से जिला के विभिन राजकीय विद्यालयाओ मे चलाया जा रहा है, जिसमे कक्षा 4 और 5 के बच्चों के साथ स्कूल समय के बाद गणित और भाषा पर काम किया जाता है और समुदाय और विद्यालय के बीच एक पारस्परिक तालमेल बनाने पर काम किया जाता है ताकि समुदाय अपने विद्यालय का स्वामित्व अपने हाथ मे ले। साथ ही राजकीय विद्यालय के बच्चे भी प्राइवेट विद्यालयों के समकक्ष विभिन प्रतियोगी परीक्षाओ जैसे सैनिक स्कूल, नवोदय विद्यालय मे न केवल भाग ले सके बल्कि इनमे अच्छा स्थान भी प्राप्त कर सके । अभी तक पिछले 6 साल मे रेवाड़ी जिले से 70 से अधिक बच्चे जवाहर नवोदय विद्यालय मे दाखिला ले चुके है। इस अवसर पर नांगल तेजु मिडिल हेड ईश्वर सिंह, प्राइमरी टीचर धर्मेन्द्र यादव, नांगल उगरा विद्यालय से भूपेन्द्र सिंह, नांगल तेजू सरपंच प्रतिनिधि भीम सिंह, नांगल उगरा सरपंच सुंदर सिंह, सेल्फ रिलायंट इंडिया संस्था से योगेंद्र, पूजा, संगीता, भूपेन्द्र और डेवलपमेंट कंसोरटिम संस्था से अंसुमन प्रसाद व फहीम अहमद उपरस्थित रहे।

# रेवाड़ी पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**आरोपी के कब्जे से 01 अवैध देशी रिवाल्वर बरामद**



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव भोहतवास भौन्दु निवासी निखिल उर्फ़ निक्कू के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया कि दिनांक 21 मार्च 24 को सूचना मिली कि एक युवक जिसके पास अवैध हथियार है जो वह अभी रामपुरा जोहड के पास किसी व्यक्ति के इन्तजार में खड़ा हुआ है। जिस सूचना पर तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंच कर साथी मुलाजमान की मदद से आरोपी को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम निखिल उर्फ निक्कु निवासी गांव भोहतवास भौन्दु बतलाया। पुलिस द्वारा आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी रिवाल्वर बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना रामपुरा में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# मैंने कांग्रेस और भूपेंद्र सिंह हुड्डा परिवार से दुखी होकर पार्टी छोड़ी : राव बहादुर सिंह

**मैंने पार्टी की बजाय परिवारों को तवज्जो दी**

**यदि लोकसभा का टिकट नहीं मिला तब भी मैं जजपा उम्मीदवार के साथ रहूंगा**

**इनेलो की तरफ से कोई ऑफर मिला तो अगले चुनाव में विचार करूंगा**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**नारनौल।** राजनीति में मैं हमेशा पार्टी की अपेक्षा परिवारों से जुड़ा हुआ । कांग्रेस में जुड़ने के बजाय मैं हुड्डा परिवार से जुड़ना बेहतर समझा पर लंबे समय से मेरी अपेक्षा के कारण मैं कांग्रेस और भूपेंद्र सिंह हुड्डा परिवार द्वारा अनदेखा करने पर कांग्रेस छोड़ी है। जजपा हमारा पुराना परिवार है और अब यहां सबसे जूनियर कार्यकर्ता के रूप में काम करूंगा। यह विचार नांगल चौधरी के पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने यदुवंशी प्रांगण में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कही।

बता दें कि राव बहादुर सिंह महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा सीट से चुनाव की तैयारी कर रहे थे और कांग्रेस टिकट की उन्हें प्रबल उम्मीदें थी, लेकिन उनका नाम फाइनल नहीं करने से खफा होकर कांग्रेस छोड़ दी।

पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि चौधरी देवीलाल परिवार की बदौलत उनका राजनीति में जन्म हुआ। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल परिवार ही ऐसा परिवार है, जो सबको पूरा मान-सम्मान देता है। उन्होंने ढेर सारे नाम गिनाते हुए कहा कि चौधरी देवीलाल ने दक्षिणी हरियाणा के लोगों को न केवल सदैव उभारने का प्रयास किया अपितु दक्षिणी हरियाणा के लिए भी बहुत काम किया। यहां के लोगों को उन्होंने न केवल विधायक बनाया, बल्कि एसएस बोर्ड एवं हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन का मैंबर बनाया। राव मानसिंह अकेले ऐसे इस क्षेत्र के ऐसे उम्मीदवार हैं, जिनको राज्यसभा में भेजा गया। वरना हमारे हिस्से तो राज्यसभा कभी आई ही नहीं।

उन्होंने कहा कि वह पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला में चौधरी देवीलाल की छवि देखते हैं और दुष्यंत भी उनके पदचिह्नों पर चलते हुए आम कार्यकर्ता को पूरा मान-सम्मान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब वह इस परिवार से अलग हुए, तब पारिवारिक मन मुटाव चल रहे थे। इस कारण वह पार्टी छोड़कर चले गए थे, लेकिन वह कांग्रेस में जाकर दुखी हो गए और अब अपने पुराने घर में लौट आए हैं।

एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि इस लोकसभा चुनाव के दौरान में पूरी निष्ठा के साथ जजपा पार्टी के साथ रहूंगा। यदि विधानसभा चुनाव में अभय चौटाला से कोई ऑफर मिला तो उसके बारे में विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वह जजपा को आम कार्यकर्ता की तरह सींचने का काम करेंगे। चाहे पार्टी उन्हें लोकसभा चुनाव लड़वाए या नहीं लड़वाए। उन्होंने वह दुष्यंत चौटाला की कार्यशैली से प्रभावित होकर जजपा में आए हैं और उन्होंने अपने साढ़े चार साल के कार्यकाल में अनेक अविस्मरणीय ऐतिहासिक कार्य करवाए हैं। अब वह जजपा का सच्चा सिपाही बनकर काम करना चाहते हैं।

इसे पूर्व पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कंवर सिंह कलवाड़ी ने एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि जजपा पार्टी भाजपा की सहयोगी नहीं है। हम उसको किसी प्रकार का कोई लाभ नहीं देना चाह रहे। हम पर यह आरोप मिथ्या है। हमारा गठबंधन हमें पर्याप्त सीटे न मिलने पर टूटा यही सत्य है।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने राव बहादुर सिंह द्वारा जजपा ज्वाइन करने पर उनका स्वागत किया और कहा कि इनके आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। अब यह कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी हित में काम करेंगे। जिला प्रभारी पूर्व विधायक राजदीप फौगाट ने भी राव बहादुर सिंह का पार्टी में आने पर स्वागत किया और कहा कि पार्टी प्रदेश की सभी दस लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का तैयार है और पार्टी जिसे भी टिकट देगी, सभी कार्यकर्ता मिलकर उसकी जीत के लिए काम करेंगे। उन्होंने बताया कि अब तक सभी दस लोकसभा सीटों की मीटिंगें पूरी हो चुकी हैं। अब शीर्ष नेताओं द्वारा नाम तय किए जाने हैं और पार्टी जिसे भी चुनाव लड़वाएगी, सभी मिलकर काम करेंगे। इनके आने से पार्टी को केवल जिला महेंद्रगढ़ में ही नहीं, अपितु पूरे प्रदेश में फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि २४ मार्च को नारनौल के रेवाड़ी रोड स्थित निजी फार्म हाउस में प्रात: 11 बजे कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें होली मिलन समारोह भी मनाया जाएगा।

इस मौके पर जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कंवर सिंह कलवाड़ी, प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यु राव, एडवोकेट तेजप्रकाश यादव, राव रमेश पालड़ी, सिकंदर गहली, अमर सिंह ब्रह्मचारी, राव सुरेश शास्त्री, उपजिला प्रमुख भीमसिंह गुर्जर, सुविधा शास्त्री, विजयपाल एडवोकेट, सावित्री गुर्जर, संजीव तंवर, हलका अध्यक्ष भोजराज यादव, कुलदीप कलवाड़ी, रविंद्र गागड़वास, बिरेंद्र बनिहाड़ी, रामकुमार मकसूसपुर, हरचंद तोबड़ा, महेंद्र बडेसरा, नगर पार्षद संदीप भांखर, महेंद्र खन्ना, बेदू राता, लक्की सरदार, विजय छिलरो, रोहतास रावत, विरेंद्र घाटासेर, धर्मबीर यादव, केशव वर्मा, विष्णु सरपंच, जसवंत यादव सरपंच, पूर्व सरपंच प्रीत्तम टिल्लू, राजकुमार जांगड़ा, माडूराम, धीरज शर्मा, हरिओम मेई, नरेश मास्टर, सन्नी ततारपुर, बजरंग गुर्जर, दीपक यादव, प्रवीण, सुनील जेवली व सुनील राव समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।



# लोकसभा चुनाव के दौरान जिला में दिखेगी महिलाओं की अधिक भागीदारी

## शहर में ज्यादा से ज्यादा पिंक बूथ बनाने का लिया निर्णय

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला में इस बार लोकसभा चुनाव के दौरान सरकारी महिला अधिकारियों और कर्मचारियों की अहम भागीदारी देखने को मिलेगी। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को शहर में अधिक से अधिक पिंक बूथ स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने स्वयं महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चुनाव प्रक्रिया में सहयोग करने के लिए आगे आने की अपील भी की है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय के दौरान महिलाएं पुरूषों की तरह ही हर काम कर रही हैं और किसी भी कार्य को दक्षता के साथ बेहतर करने में सक्षम भी हैं। सरकारी नौकरी में नियुक्त महिलाएं हर जिम्मेदारी को बखूबी निभाती हैं और चुनाव के कार्य में भी महिलाओं की भागीदरी होती है। इस बार जिला में भी लोकसभा चुनाव में महिला अधिकारियों व कर्मचारियों की विशेष भागीदारी देखने को मिलेगी। नोडल अधिकरी सहित विभिन्न टीमों के लिए पहले ही महिला अधिकारियों




को जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है और अब निर्णय लिया गया है कि शहर में ज्यादा से ज्यादा पिंक बूथ बनाए जाएं, ताकि वहां पर महिला कर्मचारी चुनाव के दौरान अपनी जिम्मेदारी निभा सकें। उन्होंने कहा कि देश के इस पर्व में महिला कर्मचारियों को स्वयं आगे आना चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का जिला प्रशासन द्वारा पूरी तरह पालन किया जाएगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में चुनाव प्रक्रिया पर निगरानी रखने के लिए अधिकारियों की टीमों का गठन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिला में कंट्रोल रूम भी स्थापित कर दिया गया है। जहां पर 24 घंटे सातों दिन टोल फ्री नंबर-1950 के माध्यम से शिकायत दर्ज की जा सकती है। कंट्रोल रूम के इंचार्ज को आदेश दिए गए हैं कि कंट्रोल रूम में आने वाले फोन को 30 सैकेंड के अंदर-अंदर उठाया जाए और फोन पर कुशल व्यवहार के साथ बातचीत की जाए। इसके अलावा सी-विजील एप पर भी आचार संहिता उल्लंघन को लेकर शिकायत की जा सकती है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार 100 मीनट के अंदर उस शिकायत पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान प्रिंट व इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर जारी होने वाले विज्ञापनों या पेड न्यूज पर निगरानी रखने के लिए जिला स्तरीय मीडिया निगरानी समिति बनाई गई है। इसी प्रकार सर्विलेंस टीमें भी गठित कर दी गई हैं। सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए अलग टीम की नियुक्ति की गई है, जो सोशल मीडिया पर पैनी नजर बनाए रखेगी।

# जनता के बजाय जाँच एजेंसियां तय कर रही हैं लोकतंत्र : आफताब अहमद

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूँह विधायक व कांग्रेस विधायक दल के उपनेता चौधरी आफ़ताब अहमद ने शुक्रवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी पर बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी केंद्र सरकार द्वारा कभी विपक्ष के खाते सीज कर उनसे पैसे निकाले जाते हैं तो कभी मुख्यमंत्रियों को गिरफ़्तार कर किया जाता है। विधायक आफ़ताब अहमद ने कहा कि गिरफ़्तारी पूरी तरह गैर-कानूनी और अलोकतांत्रिक है, पूरे देश में आचार संहिता लगी हुई है। लेकिन ठीक चुनाव के बीच विपक्षी दलों के विरूद्ध इस तरह की कार्रवाई राजनीतिक द्वेष को दर्शाती है। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव जरूरी है। निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रत्येक दल को लेवल प्लेयिंग फील्ड मिलना चाहिए और सभी दलों को समान अवसर प्राप्त होने आवश्यक है। विधायक आफ़ताब अहमद ने कहा कि सत्ताधारी बीजेपी देश की राजनीति पर एकाधिकार स्थापित करने की मंशा से लगातार विपक्ष को

**अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी राजनीतिक द्वेष के कारण हुई : आफताब अहमद**

**विपक्ष को ख़त्म कर तानाशाही करना चाहती है सरकार**

निशाना बना रही है। स्वतंत्र जांच एजेंसियों द्वारा विपक्षी नेताओं पर आनन-फानन में कार्रवाई की जा रही है। बिना दोष साबित किए विपक्ष के नेताओं को जेल भेजा जा रहा है। इंडिया गठबंधन की सहयोगी आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध की गई कार्रवाई, ये सरासर ग़लत है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि चुनावी चंदे के लेन-देन में जो देश ने देखा कि कैसे बीजेपी को ईडी, आईटी, सीबीआई के छापों के बाद कारवाई झेल रही कंपनियों ने पैसे दान दिये वो इस सरकार की पोल खोलने के लिए काफ़ी है।



किसी को बीजेपी सरकार ने चंदे के बाद धंधा दिया, किसी को कारवाई से बचा लिया और ध्यान बाँटने के लिए विपक्ष को मीडिया के सहारे ग़लत तरीक़े से बदनाम करने की कुकृत्य कर रही है। विधायक आफ़ताब अहमद ने कांग्रेस के खातों को फ्रिज करने और विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाने की कार्रवाई के विरुद्ध तमाम लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए क्योंकि लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं से छेड़छाड़ और संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता का ख़त्म होना देश के लोकतंत्र के लिए नुकसानदेह है।

## जब देश में थी दिवाली वो खेल रहे थे होली...

# रेजांगला होली मिलन आयोजन में जन संचार के विद्यार्थियों ने खूब जमाया रंग



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** रेजांगला शौर्य समिति द्वारा आज सुबह 11 बजे से 2 बजे तक स्थानीय रेजांगला युद्ध स्मारक पर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। रेजांगला युद्ध के जीवित योद्धा सेना मेडल निहाल सिंह यादव व कप्तान रामचंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य में विशिष्ट अतिथि के रूप में एस जी टी विश्वविद्यालय गुरुग्राम की ज़न संचार और पत्रकारिता फैकल्टी की डा सारिका ठक्कर, प्रो अभिषेक दुबे 40 विद्यार्थियों के दल के साथ आयोजन में शामिल हुए। समिति के मुख्य संरक्षक कर्नल रणबीर सिंह यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। हल्द्वानी से शहीद परिवारों पर रिसर्च कर रही डा निकिता गुप्ता आयोजन में शामिल हुई एक दर्जन वीर नारियों व शहीद परिजनों से मिलीं। केएलपी कालेज के प्रो मुकुट अग्रवाल और खुशबु यादव मैडम के नेतृत्व में स्थानीय विद्यार्थियों ने आगंतुकों का चंदन का तिलक लगा कर स्वागत किया। समिति की तरफ से रेजांगला शौर्य गाथा, स्मृति चिन्ह और बाबू बालमुकुंद गुप्त का साहित्य भेंट कर अभिवादन किया गया।

इस अवसर पर एक कार्यशाला का अनूठा दृश्य देखने को मिला। अपने अपने मोबाइल फोन से विद्यार्थी जांबाज असली नायकों के साक्षात्कार लेने लगे। कोई वीर नारियों का हाल रिकार्ड करने लगा, कोई भारतीय सेना में देश भक्ति और सर्वोच्च बलिदान देने का उपर्सथित पूर्व सैन्य अधिकारियों से पाठ सीखने लगे। समिति महासचिव राव नरेश चौहान राष्ट्रपूत ने मंच संचालन करते हुए जब रेजांगला युद्ध के पराक्रम और इलाके की गौरवशाली सैन्य परम्पराओं का बखान किया तो विद्यार्थियो के रोंगटे खडे हो गए। राव अजीत सिंह, कप्तान भोला राम यादव, सूबेदार मेजर धर्मदेव यादव ने सेना में नाम, नमक और निशान के जुनून से किस प्रकार अपना सर्वोच्च बलिदान देश के लिए दिया जाता है विस्तारपूर्वक बताया। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और विद्यार्थियों के दल ने युद्ध स्मारक पर आकर अपने आप को धन्य बताया। इसकी संचार माध्यमों से अधिक से अधिक प्रसार प्रचार करने का उन्होंने संकल्प भी लिया। सामुहिक रूप से सभी ने अ मेरे वतन के लोगो ज़रा आंख में भर लो पानी गीत गुनगुनाया। पिछले दिनों रेजांगला के जांबाज कप्तान आशा राम और जिला सैनिक बोर्ड की सचिव कर्नल सविता यादव के हुए निधन पर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि भी दी गई। राष्ट्र गान के साथ आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर राव केहर सिंह एडवोकेट, डा ईश्वर सिंह यादव, प्रो आर सी शर्मा, कप्तान चंदगी राम यादव, कप्तान बलबीर सिंह यादव, कप्तान चंदन सिंह यादव, प्रिनसिपल सत्यवीर नाहडीया, कप्तान हरिओम यादव, सूबेदार मेजर विक्रम सिंह यादव, सूबेदार सेवा राम यादव, सूबेदार मेजर ललित यादव, गज राज यादव, विजय नारायण यादव, वी पी शर्मा, अजीत सिंह पेंटर, राकेश खरकड़ा, नरेश यादव एडवोकेट यशवंत शास्त्री, गज राज सिंह चौहान मैनेजर, श्रीमती नविनदरा यादव, हवलदार कृष्ण आदि भी उपर्सथित थे।

# मुक्तिधाम आश्रम पर खेली गई फूलों की होली, जमकर उड़े गुलाब



**फूलों की होली खेल दिया जल सरंक्षण का संदेश।**

**राधा-कृष्ण के भजनों पर जमकर नाचे श्रद्धालु**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पुन्हाना शहर के मुक्तिधाम आश्रम में होली-मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा फूलों की होली खेलकर आपसी भाईचारे के साथ ही जल सरंक्षण का संदेश भी दिया गया। समारोह की अध्यक्षता आश्रम के महंत रामदास महाराज ने की वहीं, गो सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन भानीराम मंगला, डीएसपी प्रदीप खत्री, एसडीएम लक्ष्मीनारायण, नगर पालिका चेयरमैन बलराज सिंगला कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे। मुख्यातिथियों का आश्रम के महंत द्वारा पटका पहनाने के साथ ही स्मृती चिन्ह देकर सम्मान किया गया। समारोह में राधा-कृष्ण के भजनों पर श्रद्धालु जमकर नाचे। वहीं महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल रही। कार्यक्रम में वृंदावन से आए वत्स बंधुओं ने भजनों से जमकर समा बांधा। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी व एसडीएम ने लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली एक प्रेम का त्योहार है। इसे आपस में मिलकर मनाएं। हर्बल गुलाल रंग प्रयोग करें और पानी को व्यर्थ ना बहाएं। त्योहार पर एक-दूसरे से गिले-शिकवे दूर कर आपस में प्यार-प्रेम से त्योहर मनाएं इसके साथ ही भाजपा नेता भानीराम मंगला ने कहा कि होली मिलन समारोह जैसे कार्यक्रम आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। इससे आपस में प्यार-प्रेम बढने.के साथ ही समाज में एक अच्छा संदेश भी जाता है। मुक्तिधाम आश्रम इस समारोह के लिए बधाई का पात्र है। वहीं आश्रम के महंत रामदास ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आश्रम पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शहर सहित गांवों के काफी लोगों ने भाग लेकर होली मनाई। गुलाब के फूलों से भगवान की मुर्तियों के साथ होली खेलकर समारोह की शुरूआत की गई और अंत में सभी लोगों ने एक-दूसरे के साथ होली खेलकर पर्व की बधाई भी दी। उन्होंने बताया कि हिंदू धर्म के होली के पर्व का बडा महत्व है। इस पर्व पर हम न केवल एक-दूसरे को गले लगाकर पर्व की बधाई देते हैं बल्कि पूरे वर्ष के गिले-शिकवे भी दूर करते हैं। होली का पर्व भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी के प्रेम का प्रतिक माना जाता है। जिसको लेकर समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया है। जिसमें भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी के भजनों पर झूमने के साथ ही एक दूसरे के साथ फूलों की होली खेलकर बधाई भी दी गई और साथ ही युवाओं को पर्व के सही महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।

# निष्पक्ष, स्वच्छ और पारदर्शी चुनाव करवाने में नागरिक भी करें सहयोग : जिला निर्वाचन अधिकारी

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता की अनुपालना में अब आमजन भी भारत निर्वाचन आयोग के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला के नागरिकों को सतर्क होकर लोकसभा चुनाव में भाग लेना होगा। इसके लिए भारत चुनाव आयोग ने सी-विजिल मोबाइल एप बनाया है। सीविजल मोबाइल एप के माध्यम से आमजन को चुनाव ऑब्जर्वर के समान एक शक्ति प्रदान की है, जिस पर वे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने की शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। नागरिक अपने मोबाइल से फोटो व वीडियो, ऑडियो भी सी-विजिल एप पर भेज सकते हैं। 100 मिनट के अंदर-अंदर संबंधित शिकायत पर एक्शन लिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि नागरिक आयोग के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम करेंगे और निष्पक्ष, स्वच्छ और पारदर्शी बनाने में सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नागरिक गूगल प्ले



स्टोर से इस एपलिकेशन को एंड्राइड फोन तथा एप स्टोर से आई फोन पर डाउनलोड कर सकते हैं। आमजन फोटो खींच सकते हैं या दो मिनट की वीडियो भी रिकॉर्ड करके इस एप पर अपलोड कर सकते हैं। वह फोटो और वीडियो जीपीएस लोकेशन के साथ एप पर अपलोड हो जाएगी। शिकायत दर्ज करने के 100 मिनटों में शिकायत का समाधान किया जाएगा। इसके अलावा, संबंधित शिकायत नेशनल ग्रीवांस रिड्रेसल सिस्टम पोर्टल पर भी डाल सकते हैं। उन्होंने बताया कि फलाइंग स्क्वाड, स्टेटिक सर्विलांस टीमों की लाइव जानकारी रहती है और सी-विजिल एप पर जिस स्थान से शिकायत प्राप्त होती है तो निकट टीमें तुरंत वहां पहुंचेंगी।

# बांझपन को लेकर नीमराणा में जुटेंगे देशभर के 100 प्रसिद्ध चिकित्सक

## 30 व 31 मार्च को नीमराणा में होगी कांफ्रेन्स : डॉ मित्तल

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जैसा कि आप आपको विदित है की भारत मे बांझपन की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। समस्या के साथ ही निदान के नित नए तरीके इजाद किया जा रहे हैं मगरआवश्यकता है कि उन सभी नई तकनीक को जाना जाए और उनका उपयोग मरीजों के हित में किया जाए। इसी को ध्यान में रखते हुए हर मां को एक बेहतरीन मातृत्व प्रदान करने की दिशा में इंडियन फर्टिलिटी समिति जो कि भारत की प्रमुख बांझपन निवारक समिति है उसके द्वारा हरियाणा चैप्टर की एक कॉन्फ्रेंस आयोजित की जा रही है जिसमें संपूर्ण हरियाणा ही नहीं अपितु भारत के 100 चिकित्सक शिरकत करेंगे जिसमें मुख्य रूप से कर्नल पंकज तलवार, डॉक्टर के.डी नायर डॉक्टर सुरवीन घुम्मन, ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट की विभाग अध्यक्ष डॉक्टर नीना मल्होत्रा, मिलिट्री मेडिकल कॉलेज आरआर दिल्ली से विभाग प्रमुख डॉक्टर प्रसाद लेले, डा निकिता नरेदी, डाक्टर इपशिता, डॉक्टर ब्रिगेडियर सुनील टेकियर, सर गंगाराम अस्पताल दिल्ली से डाक्टर श्वेता मित्तल, चंडीगढ़ से डाक्टर उमेश जिंदल, दिल्ली से वरिष्ठतम बांझपन विशेषज्ञ डॉक्टर गौरी देवी, रोहतक मेडिकल कॉलेज




से डॉक्टर पूजा सिन्हा, गुरुग्राम से डाक्टर दिव्या, नीरू, सोनू, शालू, रीमा, निताशा, मीनाक्षी, प्रिया मौलाना आजाद के पूर्व चिकित्सक डाक्टर योगेश, रेवाड़ी से डाक्टर अलका, अनुभूति, प्रीति, सुनीता, सुरेखा, अंशू, जया, सुरेन्द, कीर्ति, सुनीता, नारनौल से डाक्टर रत्ना, विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन डॉक्टर सुरेंद यादव तथा एचएमसी प्रधान डाक्टर अनेजा विशेष रूप से शिरकत करेंगे। चंडीगढ़ से वरिष्ठ बांझपन विशेषज्ञ डॉक्टर उमेश जिंदल सहितकुल मिलाकर 100 से अधिक चिकित्सक इसमें भाग लेंगे उक्त जानकारी रेवाड़ी की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सीमा मित्तल व डॉ घनश्याम मित्तल ने अपने हस्पताल में एक पत्रकारवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि इस कांफ्रेंस का उद्देश्य विचारों का आदान-प्रदान करना तथा नई-नई तकनीक से सभी युवा डॉक्टर्स को अवगत कराना है।

कार्यक्रम की आयोजनकर्ता डॉक्टर सीमा मित्तल ने बताया कि विगत वर्षों में भी उन्होंने प्रयास किया है कि समय के साथ कदम बढ़ाते हुए सामान्य शहरों में रहने वाले डॉक्टर भी बांझपन मरीज को बेहतर सुविधाएं न्यूनतम दरों पर दे सके सके, इसी उद्देश्य को रखते हुए 30 से 31 मार्च को राजस्थान के नीमराणा फोर्ट पैलेस में कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। इंडियन फर्टिलिटी सोसायटी निकट भविष्य में ग्रामीण अंचल में जाकर मरीजों को जागरूक करने के अभियान भी राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर पंकज तलवार की अध्यक्षता में चलाएगी।

**आवश्यक सूचना**

समाचार गेट का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि अवश्य कर लें।




समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# इलेक्ट्रोल बॉड से ध्यान हटाने के लिए की गई केजरीवाल की गिरफ्तारी : अशोक अरोड़ा

## कुरुक्षेत्र में लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की अशोक अरोड़ा ने



**समाचार गेट ब्यूरो**

**कुरुक्षेत्र, 22 मार्च।** पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने कहा है कि इलेक्ट्रोल बॉड के रूप में हजारों करोड़ रूपए की वसूली करने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी बेनकाब हो चुकी है। इस घोटाले से जनता का ध्यान बांटने के लिए ही दिल्ली के मुख्यमँत्री अरविंद केजरीवाल को अलौकतांत्रिक ढंग से रात के अंधेरे में गिरफ्तार किया गया। उन्होने केजरीवाल की गिरफ्तारी की कडी निंदा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार का लोकतंत्र में कोई विश्वास नही है। संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जनतांत्रिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है।

कुरुक्षेत्र में केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी द्वारा मुख्यमँत्री नायब सिंह के निवास के बाहर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज करने व पानी की बौछारें करने की अशोक अरोड़ा ने कडी निंदा की। उन्होने कहा कि आज देश में विपक्षी नेताओं को डराने का काम भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। कोई भी विपक्षी नेता सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध करता है तो उसे जेल में डाल दिया जाता है। विरोध करने पर लोगों पर लाठियां भांजी जाती हैं। उन्होने आरोप लगाया कि कुरुक्षेत्र में महिला कार्यकर्ताओं पर पुरुष पुलिस कर्मियों ने लाठियां भांजी और प्रदेश की बेटियों का अपमान किया।

पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कहा कि भाजपा चुनाव में अपनी हार देखकर बौखला गई है। इसलिए घटिया हरकतों पर उतर आई है। भाजपा सरकार देश के विपक्ष को खत्म करना चाहती है। सरकार द्वारा की जा रही ज्यादतियों की हद हो चुकी है। देश को आजाद करवाते समय जनता ने सोचा था कि आजादी के बाद अपना देश होगा अपना संविधान होगा लेकिन भाजपा सरकार ने तो बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान को पांव तले रौंद दिया है।

अरोड़ा ने कहा कि देश की जनता सब देख रही है। भाजपा का चेहरा बेनकाब हो चुका है। देश के जिन बडे बडे उद्योगपतियों और कंपनियों से इलेक्ट्रोल बॉड के रूप में जो वसूली की गई। उन कंपनियों और उद्योगपतियों को चंदे के बदले नाजायब लाभ दिया गया। इसका भांडाफोड होने के डर से ही केजरीवाल की गिरफ्तारी की गई है। देश की जनता सब देख रही है और आने वाले चुनाव में जनता इसका मुंहतोड जवाब देगी। भाजपा का सूपडा साफ होगा देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी और उसके बाद हरियाणा विस चुनाव में भी भाजपा की करारी हार होगी और कांग्रेस की सरकार बनेगी।

# 17 साल पुराने साथी होने के नाते जायेंगे... केजरीवाल के साथ जेल : जयहिंद

**मैं जेल जाने को तैयार हूं आप नेता बताएं कौन जाएगा साथ में जेल : जयहिंद**

**अन्ना आन्दोलन में केजरीवाल के साथ जेल गया अभी भी जेल जाने को तैयार : जयहिंद**

**जयहिंद सेना प्रमुख डॉ नवीन जयहिंद ने शुक्रवार को सेक्टर 6 स्थित टेंट में प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया।**



**समाचार गेट ब्यूरो**

जयहिंद सेना का नेतृत्व कर रहे नवीन जयहिंद ने पत्रकार साथियों के सामने उन्होंने जेल जाने की बात है । जेल अपने किसी केस में नहीं बल्कि दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ दिल्ली सरकार द्वारा किए 100 करोड़ के शराब घोटाले में जेल जाने को तैयार है । पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में कहा कि उन्होंने 2004 में केजरीवाल को एमडीयू में बुलाया था । तब इन्हें कोई जानता तक नहीं था। 17 साल उन्होने केजरीवाल के साथ काम किया है। इन्होंने केजरीवाल के साथ मिल कर स्वराज की किताबें बेची थी। सड़कों पर लठ खाए थे । लेकिन आज वो अरविंद केजरीवाल के पुराने साथी होने के नाते 17 दिन जरूर जेल में जायेंगे।

जयहिंद ने कहा कि आम आदमी पार्टी के जो क्रांतिकारी कार्यकर्ता है उनका इस्तेमाल हुआ है और वोट बैंक बढ़ाने के लिया हो सकता है कोई राजनीतिक पटकथा लिखी गई हो । पुराने साथियों का केजरीवाल ने इस्तेमाल किया और दूसरी पार्टियों से आए भ्रष्ट लोगों को मंत्रालयों में बैठाया गया ।

जयहिंद ने अन्ना आंदोलन का भी जिक्र करते हुए कहा कि अन्ना आंदोलन के समय भी जब अन्ना जेल गए थे तब उनके साथ अरविंद केजरीवाल , मनीष सिसौदिया और नवीन जयहिंद थे। उस समय राष्ट्रीय स्तर के हुए आंदोलन में भी तिहाड़ जेल में गए थे। जयहिंद 16 सदस्ययी कोर कमेटी का भी हिस्सा रहे है । अपने आप को भगत सिंह और आंबेडकर जी का अनुयायी बताने वाले आज केजरीवाल जेल जाने क्यों दर रहे है । सांच को आंच नहीं होती । देश में आंबेडकर जी का लोकतंत्र है और न्यायलय है । केजरीवाल को क्या कानून पर विश्वास नहीं है । किस बात से डर रहे है । जिन जांच एजेंसियों को काम करने न करने का उलहाना देते थे आज अगर उन्होंने केजरीवाल पर कार्यवाही कर दी तो नाराजगी क्यों है ।

जयहिंद ने कहा की लेकिन विडंबना की बता ये है कि अरविंद केजरीवाल ने जिन्हे मंत्री बनाया, सांसद बनाया, विधायक बनाया कोई भी उनके साथ जेल जाने को तैयार नहीं है। लेकिन पुराने साथी होने के नाते वो उनके साथ जेल जाने को तैयार है । आज उनके साथ भले ही कोई ना हो पर वो हारे हुए के साथी है।

जयहिंद ने मांग की कि वे मुख्यमंत्री है तो ये मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई हो और एक साल में इस पूरे मामले की जांच हो । साथ ही अरविंद केजरीवाल का लाइव नार्को टेस्ट हो । साथ वे देश और प्रदेश में हुए घोटाले की भी जांच की मांग करते है ।

जयहिंद ने आगे कहा कि गीता में भी लिखा है कि जैसे आपके कर्म होंगे वैसा आपको फल मिलेगा । इन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की पालना नहीं की। हरियाणा की प्यासी जनता को ह्य4द्य का पानी नहीं दिया।

**रविवार 24 मार्च को रोहतक में जयहिंद का होली मिलन समारोह**

नवीन जयहिंद ने सभी प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी और कहा की यह प्यार प्रेम का त्यौहार है सभी इस दिन मिलकर त्योहार मनाए और आपसी मनमुटाव को दूर करें। जयहिंद ने बताया कि वह इस दिन रविवार 24 मार्च को अपने टेंट में होली मिलन समारोह और भोलेनाथ का देसी घी का भंडारा का आयोजन कर रहे हैं सभी प्रदेशवासियों का न्योता है । और जनता के साथ वे अपना त्यौहार मनाएंगे।

# आजादी के 76 साल बाद पहली बार आयकर विभाग ने किसी राजनीतिक दल से आयकर वसूला है ! : विद्रोही

**पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमेंत सोरेन को मोदी ने ईडी से गिरफ्तार करवाया और अब दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को ईडी से मनीलाड्रिंग केस में गिरफ्तार करवाके लोकतंत्र व लोकतांत्रिक परम्पराओं की हत्या की है : विद्रोही**

**कांग्रेस के बैंक खाते वर्ष 2017-18 की आयकर रिटर्न 30 दिन देरी से दायर करने व कांग्रेस सांसदों से 14 लाख रूपये नकद चंदा लेने के नाम पर फ्रीज ही नही किए गए अपितु आयकर अधिनियम व परम्पराओं को तांक पर रखकर कांग्रेस पर 215 करोड़ रूपये का जुर्माना भी लगा दिया गया ! विद्रोही**

**भारत के लोकतंत्र प्रेमी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पक्षधर हर नागरिक, नेता, राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ता के लिए यह करो या मरो की स्थिति है : विद्रोही**



**समाचार गेट ब्यूरो**

स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने मोदी-भाजपा सरकार द्वारा सत्ता दुरूपयोग से लोकसभा चुनाव से ठीक पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी से गिरफ्तार करवाने के कुकृत्य की कठोर आलोचना करते हुए इसे स्वतंत्र-निष्पक्ष चुनाव करवाने में बडा अवरोध बताया।

विद्रोही ने कहा कि पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमेंत सोरेन को मोदी ने ईडी से गिरफ्तार करवाया और अब दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को ईडी से मनीलाड्रिंग केस में गिरफ्तार करवाके लोकतंत्र व लोकतांत्रिक परम्पराओं की हत्या की है। मोदी इतने पर नही रूके अपितु सत्ता दुरूपयोग से सभी नैतिकता को तांक पर रखकर आयकर रिटर्न समय पर नही भरने के नाम पर कांग्रेस के बैंक खाते सीज करवाकर कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का षडयंत्र रचा ताकि कांग्रेस धन के अभाव में चुनाव प्रचार ही न कर सके। आश्चर्य है कि कांग्रेस के बैंक खाते वर्ष 2017-18 की आयकर रिटर्न 30 दिन देरी से दायर करने व कांग्रेस सांसदों से 14 लाख रूपये नकद चंदा लेने के नाम पर फ्रीज ही नही किए गए अपितु आयकर अधिनियम व परम्पराओं को तांक पर रखकर कांग्रेस पर 215 करोड़ रूपये का जुर्माना भी लगा दिया गया।

विद्रोही ने कहा कि सबसे बडा आश्चर्य यह है कि देश की आजादी के 76 साल बाद पहली बार आयकर विभाग ने किसी राजनीतिक दल से आयकर वसूला है जबकि कानून अनुसार राजनीतिक दलों पर आयकर नही लगता। इस तथ्य को जानकर भी किसी संवैद्यानिक संस्था व अदालत में चुनाव से ठीक पूर्व कांग्रेस के साथ हुए इस अन्याय के खिलाफ नोटिस तक नही लिया जो और भी दुर्भाग्यपूर्ण है। जब कोर्ट, चुनाव आयोग सहित सभी संवैद्यानिक संस्थाएं लोकतंत्र को कुचलने व चुनाव प्रचार में सभी को बराबर प्लेयिंग फील्ड देने के संवैद्यानिक दायित्व से आंखे मूंदकर अंधे, बहरे व गूंगे बन जायेंगे तब भारत में लोकतंत्र बचा ही कहां है? राहुल गांधी ने सौ प्रतिशत सही कहा है कि आज भारत में लोकतंत्र खत्म हो चुका है और मोदी-भाजपा सत्ता दुरूपयोग से किसी भी तरह लोकसभा चुनाव 2024 जीतने के कुप्रयास में है।

विद्रोही ने कहा कि सबकुछ शीशे की तरह साफ सबके सामने होने पर भी संवैधानिक संस्थाओं की चुप्पी बताती है कि वे न तो निष्पक्ष रही और न स्वतंत्र रह गई है। लोकसभा चुनाव 2024 में यदि मतदाताओं ने वोट की चोट से भाजपा को करारा सबक सिखाने कांग्रेस-इंडिया गठबंधन का साथ देकर भारत के लोकतंत्र, संविधान व गंगा-जमुनी तहजीब को नही बचाया तो भारत में यह अंतिम चुनाव होगा और लोकतंत्र के नाम पर संघी फासीजम की तानाशाही भारत में कायम हो जायेगी। विद्रोही ने कहा कि यदि मोदी-भाजपा-संघ के फासीजम के खिलाफ जनता ने बगावत नही की तो न केवल उनका अपितु देश का भविष्य भी अंधकारमय होना तय है और भारत का लोकतंत्र बनाना रिपब्लिक में बदल जायेगा।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस के खाते फ्रीज करने की श्रुति चौधरी ने की कड़ी निंदा

## संविधान खतरे में, जनता को देना होगा कड़ा जवाब : श्रुति चौधरी



**समाचार गेट ब्यूरो**

**नारनौल।** चुनाव की घोषणा होते ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के खातों को फ्रीज करने से सिद्ध हो गया है कि केंद्र की मोदी सरकार इंडिया गठबंधन से घबरा कर तानाशाही पर उतर आई है। यह बात हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने आज यहां मीडिया को जारी बयान में कही। उन्होंने केजरीवाल को हिरासत में लिये जाने की आलोचना करते हुए कहा कि देश के इतिहास में यह पहला मौका है जब किसी मौजूदा मुख्यमंत्री के साथ इस प्रकार का दुर्भावना प्रेरित व्यवहार किया गया हो। देर रात दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को बिना किसी दोष सिद्धि के गिरफ्तारी करना सरेआम लोकतंत्र की हत्या है। ऐसा ही झारखंड में हेमंत सोरेन के साथ किया गया था। उन्होंने कहा कि जनता को इसका कड़ा जवाब देना होगा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा ही नहीं देशभर में लोगों का रुझान तेजी से इंडिया गठबंधन की ओर बढ़ता देख मोदी सरकार ओछे हथकंडे अपना रही है। सरकार ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग अपने विरोधियों को प्रताड़ित करने के लिए कर रही है जिससे संविधान पर खतरा बढ़ता जा रहा है। हालात इस कदर गंभीर हैं कि जो भी अपने हकों को लेकर आवाज उठाता है उसकी सुनवाई तो दूर किसी ना किसी माध्यम से उसे कुचल दिया जाता है।

श्रुति चौधरी ने कहा कि भाजपा के इशारे पर लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते फ्रीज करना पूरी गैर वाजिब है। सरकार विपक्ष को आर्थिक रूप से कमजोर करना चाहती है ताकि उनके खिलाफ मजबूती से कोई जनता की आवाज नहीं उठा सके। उन्होंने कहा कि लोगों के सामने मोदी सरकार की इलेक्ट्राल बांड्स के नाम पर चंदा दो धंधा लो की पोल खुल गई है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में किसान, मजदूर, व्यापारी और कर्मचारी समेत सभी वर्ग मिलकर सरकार की एक एक ज्यादती का बदला लेंगे और एकजुटता के साथ इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की पुरजोर मदद करेंगे।

# फसल खरीद से बचने का षड्यंत्र रच रही सरकार : कुमारी सैलजा

**डेटा मिसमैच के बहाने किसानों को मंडियों में आने से रोकने की कोशिश**

**रजिस्ट्रेशन किया हो, न किया हो, सभी का एक-एक दाना खरीदे सरकार**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 22 मार्च।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष, उत्तराखंड प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि फसल खरीद शुरू होने से एकदम पहले प्रदेश की भाजपा सरकार ने किसानों को परेशान करने की एक और सरकारी साजिश रचनी शुरू कर दी है। फसल का डेटा मिसमैच के बहाने प्रदेश सरकार मेहनत से तैयार फसल को एमएसपी पर खरीदने से बचना चाहती है और इसलिए ही यह सब षड्यंत्र रचा जा रहा है। जबकि, प्रदेश सरकार को प्रत्येक किसान की फसल को खरीदना चाहिए, भले ही उन्होंने रजिस्ट्रेशन कराया हो या फिर न कराया हो।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू होनी है और मंडियों में फसल आनी भी शुरू हो जाएगी। इसके लिए किसानों ने समय पर मेरा फसल, मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन भी करवा दिया था। लेकिन, प्रदेश सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। अब जब फसल खरीद का समय आ चुका है तो इस पोर्टल पर 10.40 लाख एकड़ फसलों के डेटा का मिलान न होने की बात कही जा रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इतने महीने तक सरकार ने इस डेटा को चैक क्यों नहीं कराया? अगर यह डेटा पहले चैक हो जाता तो एंड वक्त पर किसानों के लिए इस तरह की दिक्कत खड़ी नहीं होती और वे आसानी से अपनी फसल को मंडी में लाकर बेच सकते थे।

कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार सरसों की सरकारी खरीद 26 मार्च से शुरू करने की बात कह रही है, जबकि मंडियों में 20 दिन से सरसों की फसल आ रही है। इस फसल को स्टॉकिस्ट व कंपनियां खरीद रही हैं, जो एमएसपी से 1 हजार रुपये प्रति क्विंटल तक कम दे रहे हैं। लेकिन, सरकार ने एक बार भी इस मामले में हस्तक्षेप नहीं किया, न ही भावांतर के तहत भरपाई करने की सहानुभूति दिखाई। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस बार बारिश व ओलावृष्टि से फसल को बहुत अधिक नुकसान हुआ और प्रदेश सरकार ने आज तक किसी भी तरह का मुआवजा नहीं दिया। इससे गेहूं का उत्पादन प्रभावित होने का अंदेशा पहले ही कृषि वैज्ञानिक जता चुके हैं। ऐसे में किसान को उसकी मेहनत के मुकाबले कम फसल ही मिलने वाली है। इसके बावजूद अब प्रदेश सरकार डेटा मिसमैच का बहाना बनाने लगी है। इससे सरकारी मंशा साफ झलक रही है। हम प्रदेश सरकार से मांग करते हैं कि किसानों की गेहूं, सरसों, जौ, चना, मसूर, सूरजमुखी की फसल का एक-एक दाना बिना किसी बहानेबाजी के खरीदने का इंतजाम किया जाए।

# तीसरी बार पीएम बनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नया इतिहास लिखने जा रहे : पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरूग्राम।** हिसार, सिरसा व रोहतक लोकसभा के कलस्टर प्रभारी तथा वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार के लिए पूरा देश मन बनाए बैठा है। 400 से ज्यादा सीट जीतकर नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह शुक्रवार को सिरसा लोकसभा के रतिया तथा फतेहाबाद विधानसभा में कलस्टर बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पार्टी के प्रत्याशी अशोक तंवर विशेष रूप से मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते पूर्व मंत्री ने कहा कि पिछले दस सालों में केन्द्र व प्रदेश सरकार पर लोगों का भरोसा और मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों व उनके कार्य करने की क्षमता से ही प्रभावित होकर देश की जनता तीसरी बार उनको प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत उसका मजबूत संगठन है। प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की जीत के लिए पूरी ताकत के साथ प्रचार में जुट गया है। कार्यकर्ताओं की मेहनत, आमजन का विश्वास तथा जनकल्याणकारी नीतियों के मूल मंत्र ने भाजपा को न केवल दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन बना दिया है, अपितु तीसरी बार 400 पार के साथ पीएम बनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नया इतिहास लिखने जा रहे हैं।

इस मौके पर लोकसभा सिरसा संयोजक आदित्य देवीलाल चौटाला, रतिया विधायक लक्ष्मण नापा, फतेहाबाद विधायक दुडाराम, जिला अध्यक्ष बलदेव ग्रोहा, जिला अध्यक्ष इंद्र गावडी, जिला उपाध्यक्ष महेश शर्मा, निर्मल सिंह, हवा सिंह, जोगिन्द्र नंदा, केवल मेहता, इंद्र गावडी, मक्खन सिंह, मोहन शर्मा, छिन्द्रपाल सिंह, भवानी सिंह, भीम लांबा, जगजीत हुड्डा, हरिश गर्ग, सुखविंद्र सिंह, विकास नलोदा, गुर्तेश सिंह, कुलदीप, देव कुमार शर्मा, सुरेन्द्र आर्य, रविन्द्र बलियाला, भारत भूषण मिड्डा, राजपाल बैनीवाल, प्रवीन जोडा, सविता टूटेजा, पूनम सिंगला, बनवारी लाल, प्रेम सिंह, हंसराज सचदेवा, औमप्रकाश सैन, जगदीश नायक, रंजीत औढ, इंद्रजीत बतरा, रामचंद्र सहित काफी संख्या में प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

